## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने पंचायत चुनावों के लिए बनायी समिति

**लखनऊ।** यूपी में जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने की जुगत में लगी कांग्रेस ने अगले साल होने वाले जिला पंचायत चुनावों की तैयारियों के लिये समिति गठित की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी (प्रशासन) सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने अगले साल होने वाले जिला पंचायत चुनाव की तैयारियों के लिये पार्टी के 13 वरिष्ठ नेताओं की 'जिला पंचायत चुनाव तैयारी समिति' का गठन किया है। समिति में पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान और पूर्व विधायक गजराज सिंह भी शामिल हैं।

### चलती कार में आग लगने से चालक की मौत

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को कार में अचानक आग लगने से चालक की मौत हो गई। चालक की पहचान आगरा के युवक टीकम सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्विफ्ट डिजायर कार आगरा से मथुरा की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसमें माइलस्टोन 140 के निकट अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही पलों में कार आग की लपटों से घिर गई व चालक उसी में फंसकर रह गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया पर तब तक चालक की मौत हो चुकी थी।

### विमला के विधायक आवास में तैनात हवलदार की मौत

**सिमडेगा (झारखंड)।** विधायक विमला प्रधान के आवास पर तैनात हवलदार नवल होरो मृत अवस्था में बाथरूम में पड़े मिले हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हवलदार की मौत का कारण हृदय गति का रुक जाना है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नवल होरो तोरपा के रहने वाले थे।

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रहा श्रद्धालुओं का जमघट

# बिहार: स्नान करने गए 10 लोगों की हादसों में मौत

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने गए 10 लोगों की अलग अलग हादसे में मंगलवार को मौत हो गई व दो अन्य लापता बताए जा रहे हैं। आपदा प्रबंधन विभाग से मंगलवार को प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नवादा एवं नालंदा जिले में तीन-तीन व्यक्तियों, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण व सीतामढ़ी में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र में सेखोदेवरा सूर्य मंदिर के तालाब में डूबने से दो युवतियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। कौआकोल थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतकों के नाम अनुराधा कुमारी (18), शिल्पी कुमारी (18) व अविनाश कुमार (40) हैं। पूर्णिमा के अवसर पर तालाब में नहा रही दोनों लड़कियां जब डूबने लगीं तो वहां मौजूद जमुई जिले के अलीगंज प्रखण्ड में शिक्षक पद पर कार्यरत अविनाश ने उन्हें बचाने की कोशिश की। लेकिन अविनाश की भी डूबने से मौत हो गई। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल लाया गया है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा जिला के पावापुरी पुलिस चौकी के घोसरवा गांव के समीप से गुजर रही सकरी नदी में स्नान करने गई तीन युवतियों की डूबने से मौत हो गई। पावापुरी पुलिस चौकी प्रभारी प्रभा कुमारी ने बताया कि मृतकों के नाम अंशु कुमारी (17), सोनम कुमारी (15) व प्रीति कुमारी (17) हैं। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल लाया गया है। सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया ढेंग के समीप से गुजर रही में बागमती नदी में नहा रहे एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। दो अन्य व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश एसडीआरएफ द्वारा जारी है। औरंगाबाद व पश्चिम चंपारण में भी एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। पटना और सारण जिला के बीच पानापुर के पास डूबने से एक व्यक्ति की मौत की सूचना है।



- नवादा एवं नालंदा जिले में तीन-तीन व्यक्तियों की मौत
- तालाब में डूब रही लड़कियों को बचाने के प्रयास में डूबा जमुई का शिक्षक



**पटना।** गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद अति-भीड़ वाली ट्रेन में यात्रा करते श्रद्धालु।



**पटना।** 'कार्तिक पूर्णिमा' पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए एकत्रित हुए लाखों भक्त।

- बागमती नदी में नहा रहे एक व्यक्ति की डूबने से गई जान, दो लापता लोगों की तलाश कर रही है एसडीआरएफ

### यूपी: लाखों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पूरे यूपी में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आस्था की डुबकी लगायी। गंगा, गोमती व सरयू नदियों के घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमघट रहा। लखनऊ के मनकामेश्वर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गोमती में डुबकी लगाई। मनकामेश्वर मंदिर की महन्त देव्यागिरि ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने गोमती में डुबकी लगायी। इसके अलावा अयोध्या में सरयू और प्रयागराज में गंगा तथा यमुना नदियों में श्रद्धालुओं ने भी डुबकी लगायी। अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान किया।

# अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी



- फैसले के बाद पहली बार हुआ मंदिरों के शहर में धार्मिक समागम
- बीती रात से ही नदी के पास जमे थे श्रद्धालु



कारसेवकपुरम में वेद विद्यालय परिसर में कबड्डी खेलते छात्र।



**अयोध्या।** अयोध्या में रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्थानीय सरयू नदी में डुबकी लगायी। फैसले के बाद यह पहला मौका है जब मंदिरों के शहर में धार्मिक समागम हो रहा है। लोग सुबह से ही घाटों पर एकत्र होने लगे व सड़कों पर लाउडस्पीकरों पर भजन बज रहे थे। पड़ोसी जिलों से आए श्रद्धालु सोमवार की रात से ही नदी के पास जमे हुए थे। गोरखपुर जिले से आए किसान कोल्हाई (62) ने बताया कि मैने तड़के दो बजे सरयू नदी में डुबकी लगाई, स्नान किया। मैं पिछले 20 साल से हर कार्तिक पूर्णिमा पर आ रहा हूं। कोल्हाई कहते हैं कि डुबकी लगाना पूरी तरह से आनंददायक है व यही कारण है कि हम यहां आते हैं। इस बार का स्नान बहुत खास है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने यहां हमारे राम लला का मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

### चौकन्नी ही रहेगी सूबे की पुलिस: डीजीपी



**नई दिल्ली।** यूपी के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह ने कहा कि अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर राज्य की पुलिस लगातार अलर्ट की स्थिति में है व जब तक जरूरी होगा इसी स्थिति में रहेगी। साथ ही अफवाहों, फर्जी संदेशों को लेकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नजर रखी जा रही है। राज्य में अफवाह फैलाने के सिलसिले में 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, आगे की कार्रवाई के लिए 270 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में रिपोर्ट की गई है। फैसला पिछले सप्ताह आने के बावजूद प्रत्येक जिला "तैयारी की उच्च स्थिति में है व अभी तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## राशिफल 13 नवंबर 2019



**डॉ. प्रेम कुमार शर्मा**
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहत में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर समय सीमा में काम पूरा करने की कोशिश करें। संयुक्त परिवार में रह रहे लोगों को समस्या हो सकती है। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : रोज।

**वृष**: आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। प्रॉप्र्टी के किसी मामले को लेकर संतुष्ठ महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 8, **रंग**: नेवी ब्लू।

**मिथुन**: सेहतमंदर रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। जीवनसाथी के साथ धैर्य से काम लें। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बनाएंगे। **शुभ अंक** : 11, **रंग**: पिंक।

**कर्क**: सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करें। फिजूल खर्च कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर किसी पर आंख बंद कर विश्वास करने से बचें। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 5, **रंग**: ब्लूईश ग्रीन।

**सिंह**: सेहत को लेकर किए गए प्रयास लाभदायक साबित होंगे। धन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र पर काम से सभी को प्रभावित करेंगे। यात्रा का प्रोग्राम बना सकते हैं। **शुभ अंक**: 11, **रंग**: सफेद।

**कन्या**: शेयर मार्केट से जुड़े कामों को करते समय सतर्क रहें। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। यात्रा पर जाने के योग हैं। खानदानी प्रॉप्र्टी मिल सकती हैं। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: परैट ग्रीन।

**तुला**: सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। निवेश करना फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर काम करते समय सतर्क रहें। विवाह योग्य लोगों के शादी के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक**: 1, **रंग** : क्रीम।

**वृश्चिक**: सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। फिजूल खर्च कम करने की कोशिश करें। व्यापरियों लोगों के लिए दिन अच्छा है। परिवार के साथ समय बिताना मुश्किल होगा। **शुभ अंक**: 9, **रंग** : पीच।

**धनु**: व्यायाम करने से फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रोजेक्ट के लिए आसानी से पैसों का इंतजाम कर लेंगे। कार्यक्षेत्र पर सभी आपके विचारों की सराहना करेंगे। **शुभ अंक** : 11, **रंग**: गाढ़ा आसमानी।

**मकर**: सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र अपने शत्रुओं से सावधान रहें। परिवार के लोग आपका सपना पूरा करने में सहयोग करेंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंग**: पीच।

**कुंभ** : सेहत में सुधार के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स आपका सपोर्ट करेंगे। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। प्रॉप्र्टी संबंधित मामलों पर सतर्क रहें। **शुभ अंक** : 5, **रंग**: हल्का लाल।

**मीन**: निवेश करने का सुनहरा अवसर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र पर काम पर ध्यान देने की जरूरत है। परिवार के किसी सदस्य को सही रास्ते पर लाने में मदद करेंगे। **शुभ अंक** : 7, रंग : चॉकलेट।

**: टिप्स :**

1. घर के मुख्य दरवाजे की सजावट हर मौसम में बदलते रहे। इससे आपके घर का आकर्षण बढ़ने के साथ ही बदल रहे प्रकृति के साथ सामंजस्य करने में आपकी सहायता करता है।
2. शयनकक्ष में दो गुलाबी रंग की मोमबत्ती जलाएं। इससे पार्टनर के बीच आकर्षण बढ़ता है। मोमबत्ती रोमांटिक मूड बनाता है वहीं गुलाबी रंग आकर्षण पैदा करता है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# ननकाना साहिब जाने में भी सफल होंगे हम: योगी

लखनऊ



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से श्रद्धालुओं का पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब जाना मुमकिन हुआ है व वह दिन दूर नहीं जब हम ननकाना साहिब जाने में भी सफल होंगे। योगी ने मंगलवार को गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गुरु नानक ने जिस पवित्र स्थल करतारपुर साहिब में अपना आखिरी वक्त गुजारा था, उस स्थान पर अब सभी श्रद्धालु जा पाएंगे। इसके लिए वह पीएम मोदी को बधाई देते हैं। वह दिन दूर नहीं जब हम गुरु नानक की जन्मस्थली ननकाना साहिब जाने में सफल होंगे। सीएम ने बाबर का जिक्र करते हुए कहा कि बाबर के अत्याचारों से थर्रा रही धरती पर उसे जाबर (अत्याचारी) कहने का साहस सिर्फ गुरु नानक ने किया था।

### लंगर में सेवा...



**मिर्जापुर** : सिख गुरु नानक देव जी की 550 वीं जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे में लंगर के लिए रोटियां तैयार करती महिला श्रद्धालु।

### भूमि विवाद: महिला की पीट-पीटकर हत्या, पति की हालत गंभीर

- सौतन के बयान पर केस दर्ज, कार्रवाई शुरू

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में हबीबपुर थाना क्षेत्र के लाजपत नगर में सोमवार की देर रात भूमि विवाद में महिला जूली देवी (30) की पीटकर हत्या कर दी गई। महिला का पति अनिल मंडल (50) गंभीर अवस्था में मायागंज जेएलएनएमसीएच में भर्ती है। पुलिस ने मृतका की सौतन सरिता देवी के फर्द बयान पर दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। सरिता ने बताया कि उसके पति, सौतन लाजपत नगर सत्तू के दुकान पर सोए थे। जबकि, वह अपने बच्चों के साथ बाधरपुर घर पर सो रही थी। रात करीब दो बजे उनके गांव के कैलाश मंडल, उनके दो बेटे नीतू मंडल और श्याम मंडल दुकान में घुसकर अनिल व कोली को लाठी-खंती व भाला से बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया। इस पर वह पूरे परिवार के साथ वहां पहुंची व देखा कि तीनों घर से निकलकर भाग रहे थे।

# विधायक को बदनाम करने की साजिश रचने पर हिरासत में पीए, बनाया था प्राइवेट वीडियो

एजेंसी ▶▶ बोकारो (झारखंड)

- मामले में चास के बड़े नेता नाम का चर्चा में

बोकारो विधायक बिरंची नारायण का निजी वीडियो बनाने, वायरल करने के आरोप में सिटी पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों में विधायक के पूर्व पीए आदित्य भी है। एसपी पी मुरुगन, हेडक्वाटर डीएसपी सतीश चंद्र झा, सिटी डीएसपी ज्ञानरंजन जरीडीह थाने में आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पीए ने ही विधायक की छवि को धूमिल करने की साजिश रची। इसमें उनकी पार्टी के कई नामचीन लोग शामिल हैं। वीडियो वायरल होने के बाद विधायक के वर्तमान पीए व चास बीडीओ की शिकायत पर सिटी पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच के दौरान सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टेक्निकल सेल ने सबसे पहले मामले के सबसे बड़े सूत्रधार को कब्जे में लिया। इसके बाद तार से तार जुड़ते गए। यह संख्या बढ़ सकती है। एसपी ने मामले पर जबाव नहीं दिया, पर हेडक्वाटर डीएसपी ने विधायक के पूर्व पीए को हिरासत में लेकर पुछताछ की पुष्टि की है। मामले में चास के बड़े नेता नाम का चर्चा में है। इसके अलावा बीजेपी आलाकमान को जिले के सभी मंडल के नेतृत्व इसकी शिकायत करेंगे। एसपी के निर्देश पर वीडियो को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की हर स्तर पर जांच कर रही है।

### जेवीएम ने दूसरी सूची में घोषित किए 37 प्रत्याशी


- पोडैयाहाट से चुनावी मैदान में उतारे प्रदीप

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व सीएम बाबू लाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) ने 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची मंगलवार को जारी की। आपको बता दें पार्टी की पहली सूची में 9 उम्मीदवारों के नाम थे। विपक्षी गठबंधन से अलग जेवीएम ने विस की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। लिस्ट में सबसे प्रमुख नाम प्रदीप यादव का है जिसे पार्टी ने पोडैयाहाट से चुनावी मैदान में उतारा है। लोहरदगा से पवन तिग्गा, तमाड़ से प्रेम शाही मुंडा, हटिया से शोभा यादव को पार्टी ने टिकट दिया है।

### झारखंड में भी एनडीए टूटा

# लोजपा व आजसू ने पकड़ी अलग राह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नईदिल्ली



- लोजपा ने की 50 उम्मीदवारों की सूची जारी, आजसू भी घोषित कर चुकी है 12 प्रत्याशी
- झारखंड में अलग चुनाव लड़ने की बात पहले ही कह चुके हैं जदयू मुखिया नीतीश

महाराष्ट्र में शिवसेना से मिले झटके से अभी भाजपा उबरी भी नहीं थी कि झारखंड में भी एनडीए का गठबंधन खटाई में पड़ गया है। जद यू के पहले ही अलग हो जाने के बाद अब बचे दो घटक दलों लोजपा और आजसू ने भी अलग राह पकड़ ली है।

गौरतलब है कि भाजपा ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने 52 उम्मीदवारों की पहली सूची गत रविवार को ही जारी कर दी थी। बाकी बची 29 सीटों को लेकर सहयोगी दलों लोजपा और आजसू के साथ बातचीत चल रही थी। बताया जा रहा है कि आजसू इस बार 19 सीटों पर अपनी दावेदारी कर रहा था तो चिराग पासवान की लोजपा 7 सीटों पर अड़ी हुई थी। जबकि भाजपा का इस बार भी 2014 की तरह लोजपा को महज एक सीट और आजसू के लिए एक दर्जन सीट छोड़ने का प्रस्ताव दिया था। जो दोनों दलों को रास नहीं आया। लोजपा ने 50 उम्मीदवारों की अपनी सूची जारी कर दी है तो वहीं आजसू ने भी 12 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही झारखंड में एनडीए के घटक दल अब पूरी तरह से बिखर कर अलग-अलग चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिए हैं। जदयू मुखिया नीतीश कुमार ने ही पहले ही कह रखा था कि वे झारखंड में अलग चुनाव लड़ेंगे।

#### बेहतर स्थिति में यूपीए

हालांकि इस लिहाज से यूपीए कमोवेश एनडीए से बेहतर स्थिति में है। लेकिन बाबूलाल मरांडी का झारखंड विकास मोर्चा अलग चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही कर चुका है। जबकि एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवेसी ने 35 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वे भी यूपीए के ही अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाएंगे।

### स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने का संदेश दिया

# स्वदेशी कपड़ों में रैम्प पर उतरी महिलाएं

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर (उप्र)

वनटांगिया समुदाय की महिलाओं ने 'पूर्वी महोत्सव' में रैम्पवॉक कर स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। गोरखपुर में आयोजित पूर्वी महोत्सव में वनटांगिया महिलाएं सोमवार को रैम्प पर उतरीं। फैशन शो की आयोजक संस्था की अध्यक्ष सोनिका सिंह ने बताया कि स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देने के लिये आयोजित कार्यक्रम में वनटांगिया समुदाय की 15 महिलाएं अलग-अलग स्वदेशी परिधान में रैम्प पर उतरीं। वनटांगिया महिलाओं की रैम्पवॉक से समाज में संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई कि स्वदेशी वस्तुओं को भी डिजाइनर कपड़ों की तरह डिजाइन किया जा सकता है। महिलाओं को ट्रेनिंग देने वाले बलराम सैनी ने बताया कि वनटांगिया महिलाओं के परिवारों को उन्हें फैशन शो में हिस्सा लेने की इजाजत देने के लिये मनाना सबसे मुश्किल काम था। मगर कोशिश करने पर वे मान गये। वनवासी महिलाओं को रैम्प पर चलने में काफी हिचक महसूस हो रही थी। उनमें आत्मविश्वास लाना बड़ी चुनौती थी। मैं बहुत खुश हूं कि रैम्प पर उनमें वह विश्वास नजर आया।



#### योगी के सीएम बनने के बाद आया बदलाव

आदिवासियों की बिरादरी वनटांगिया पूर्व में बिजली, पानी व स्वास्थ्य सुविधाएं तो दूर, वर्ष 2017 तक वोटिंग से महरूम थीं। योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के बाद वनटांगिया लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा गया। वनटांगिया के गांवों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर विकास की कई योजनाएं शुरू की।

## खबर संक्षेप



### केरल उच्च न्यायालय ने दो संदिग्ध माओवादियों की हत्या की जांच के आदेश दिए

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने पिछले महीने पलक्कड़ जिले के अगाली जंगल में कथित रूप से हुई एक मुठभेड़ में दो संदिग्ध माओवादी किन परिस्थितियों में मारे गए इसकी जांच करने के लिए मंगलवार को पुलिस को निर्देश दिए। अदालत ने यह पता लगाने का भी निर्देश दिया कि क्या कथित मुठभेड़ में शामिल अधिकारियों ने किसी तरह का अपराध किया। न्यायमूर्ति आर नारायण पिशरादी ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि जिस तरह दोनों की मौत हुई, अदालत ने उन परिस्थितियों के संबंध में अपना कोई राय नहीं व्यक्त की है। उन्होंने राज्य के अधिकारियों को प्रचलित नियमों और परंपराओं के अनुसार दोनों का अंतिम संस्कार करने की अनुमति दी।

### महिला नक्सली समेत दो नक्सली गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में पुलिस ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुमनार गांव के पास पुलिस ने इंद्रावती एरिया कमेटी के प्लाटून नंबर 16 के सदस्य लालूराम वेको 20 वर्ष और महिला नक्सली लेकाम बुधरी 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। लेकाम चेतना नाट्य मंच की सदस्य है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तुमनार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना के बाद क्षेत्र में पुलिस दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था।

### बलात्कार के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में एक युवक ने मध्य प्रदेश की रहने वाली एक बालिका से कथित तौर पर बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 23 वर्षीय आरोपी की पहचान विशाल उर्फ 'छोटू' के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक झुग्गी बस्ती में यह घटना हुई जिसमें मध्य प्रदेश के कुछ मजदूरों का एक समूह रहता है।

### ट्रेन हादसाः एमएमटीएस के चालक की सेहत में सुधार



**हैदराबाद।** हैदराबाद के काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को दो ट्रेनों की टक्कर में घायल हुए लोकल ट्रेन के चालक की सेहत में सुधार हो रहा है। रेलवे के एक सूत्र ने मंगलवार को यह बताया। काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर लिंगमपल्ली-फलकनुमा मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) ट्रेन सोमवार को हुंडरी एक्सप्रेस से टकरा गई थी। इस हादसे में एमएमटीएस ट्रेन का चालक बुरी तरह घायल हो कर अपनी केबिन में ही फंस गया था और उसे आठ घंटे तक चले प्रयासों के बाद सोमवार शाम को वहां से निकाला गया। चालक को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इस हादसे में 16 लोग घायल हो गए थे।

## महाराष्ट्रः वरिष्ठ नेताओं ने कहा-ये होगा, पहले ही पता था

# राष्ट्रपति शासन के हंगामे के बीच कांग्रेस है कूल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भले ही फौरीतौर पर महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन बहाल कर दिया गया हो और इसकी मुखालफत में शिवसेना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया हो लेकिन कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस फैसले से जरा भी सकते में नहीं। बल्कि ज्यादातर वरिष्ठ नेताओं ने एआईसीसी में कहा, ये होगा, इसका भान पहले ही था। मगर, महाराष्ट्र में शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा गठबंधन की सरकार को लेकर भी मंझे हुए नेताओं का एक वर्ग बिल्कुल भी उत्साहित नहीं। इस वर्ग के नेताओं का मानना है कि तात्कालिक सफलता के लिये, एक राज्य में सरकार बनाने की हड़बड़ी में कई राज्यों में कांग्रेस का समीकरण गड़बड़ाएगा साथ ही उनके कोर वोटरों में भी बिखराव की संभावना बनेगी। यही वजह है कि शिवसेना का केस कांग्रेस के एक ही वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल लड़ तो रहे हैं लेकिन राजनीतिक आक्रामकता कांग्रेस पार्टी में जरा भी नजर नहीं आ रही। महाराष्ट्र के बड़े नेताओं में शुमार सुशील कुमार शिंदे ने हरिभूमि के सवाल पर छूटते ही कहा, राष्ट्रपति शासन का मतलब ये नहीं कि जिसके पास विधायकों की गिनती पूरी हो उन्हें सरकार बनाने का मौका नहीं मिलेगा! राष्ट्रपति शासन लग गया तो क्या हो गया?



### ऐसे हुई समर्थन पत्र में देरी

मंगलवार को अहमद पटेल, केसी वेणुगोपाल और महाराष्ट्र प्रभारी मल्लिकार्जुन खड़गे राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के पास सोनिया गांधी द्वारा निर्देशित आधा दर्जन पत्र लेकर गये लेकिन उनमें गठबंधन सरकार के लिये 'लेटर ऑफ सपोर्ट' नहीं था। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने शरद पवार को पहले पत्र में राय दी थी कि गठबंधन की सरकार शिवसेना के बजाय राकांपा के नेतृत्व में बने इससे कांग्रेस और राकांपा का 'सेकुलर फैब्रिक' बचा रहेगा। बाकी राज्यों में ज्यादा सवाल नहीं उठेंगे। गठबंधन सरकार के लिये कॉमन-मिनिमम-प्रोग्राम का एजेंडा पहले ही तय कर सभी पक्षों द्वारा हस्ताक्षर किये जाने का सुझाव था।

### विशेषज्ञों की राय

राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा राकांपा को शाम साढे आठ बजे तक का समय देने के बाद भी दोपहर डेढ़ बजे राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा को गलत ठहराते हुए मीडिया में कई सवाल उछले। इन सवालों को बेमानी बताते हुए संविधान विशेषज्ञ डा. स्नहिल पांडेय कहते हैं, आठ नंवबर तक महाराष्ट्र में विधानसभा का गठन हो जाना चाहिये था। अभी तक जीते हुए विधायकों ने शपथ भी नहीं लिया। इस मियाद में देरी होने के बाद जैसे ही राज्यपाल को लगा कि कोई भी दल राज्य को स्थिर सरकार देने में समर्थ नहीं दिख रहा, तभी राज्यपाल को राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा कर देनी चाहिये थी। राष्ट्रपति शासन लगाने में पहले ही चार दिनों की देरी हो चुकी है। डा. शिखा शर्मा भी इससे इत्तफाक रखते हुए कहती हैं, राष्ट्रपति शासन लगाने का फार्मूला है। उस फार्मूले पर महाराष्ट्र एपीसोडे पूरी तरह फिट बैठता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े जुटाने और लिखित समर्थन पत्र के साथ अगर कोई दल का नेता राज्यपाल से मिलने जाता है और राज्यपाल को ये लगता है कि अमुक दल के पास सरकार बनाने लायक उपयुक्त विधायकों की गिनती है तो उन्हें हर हाल में सरकार निर्माण का मौका मिलेगा।

## राजस्थान में दो सड़क हादसों में दस लोगों की मौत



**बीकानेर/बाड़मेर।** राजस्थान के बीकानेर और बाड़मेर जिलों में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गये। बीकानेर के देशनोक कस्बे के पास सुबह मिनीबस और जीप की भिड़ंत में सात लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार पलाना गांव के पास यह हादसा उस समय हुआ जब एक मिनी बस सामने से आ रही जीप से जा टकराई। भीषण टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की मृत्यु अस्तपाल में हुई। देशनोक के थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि हादसे में जीप व उसमें सवार यात्रियों को ज्यादा नुकसान हुआ और मरने वाले उसी में सवार थे। जीप सवार लोग चुरू जिले के एक गांव के रहने वाले थे और तीर्थ यात्रा पर बीकानेर जा रहे थे। हादसे में घायल छह लोगों को बीकानेर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार पुरूष और तीन महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान श्रवण सिंह, करण सिंह, श्रवण शर्मा, बबलू कंवर, बिंदू कंवर के रूप में की गई है जबकि दो मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।

## छात्रों को आजीवन ज्ञान अर्जित करना चाहिए : स्मृति ईरानी



चेन्नई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए जीवन भर ज्ञान हासिल करना चाहिए। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा कपड़ा मंत्री यहां वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) में वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा अगर आप जिंदगी में आगे भी ज्ञान अर्जन करते रहेंगे तो उत्कृष्टता हासिल कर लेंगे। ईरानी ने कहा कि शिक्षा किसी संस्थान तक सीमित नहीं है और दीक्षांत समारोह दिवस छात्रों का अपने संस्थन से संबंध समाप्त करने का दिन नहीं है बल्कि नये अध्याय की शुरुआत करने का दिन है। महानगर के डीम्ड विश्वविद्यालय से मंगलवार को शोधार्थियों सहित करीब 1700 छात्रों को डिग्री हासिल हुई जिसमें केंद्रीय मंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जी विश्वनाथन ने शिक्षा क्षेत्र में ज्यादा धन खर्च करने की अपील की।

## इकट्ठा हुए श्रद्धालु...



गुरु नानक देव जी की 550 वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को कोलकाता में शहीद मीनार मैदान में इकट्ठा हुए सिख श्रद्धालु।

## सबरीमला में 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती



- पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर के आसपास पांच चरणों में तैनात किया जाएगा

**तिरुवनंतपुरम।** सबरीमला में 17 नवम्बर से शुरू होने वाले दो महीने के तीर्थयात्रा मौसम के दौरान सुरक्षा के लिए भगवान अयप्पा मंदिर के आसपास 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को चरणों में तैनात किया जाएगा। पुलिस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि मंडला मक्करविल्लाक्कू महोत्सव के दौरान 10017 पुलिसकर्मियों को मंदिर परिसर के आसपास पांच चरणों में तैनात किया जाएगा। डीजीपी लोकनाथ बेहरा ने कहा कि इस वर्ष तीर्थयात्रा मौसम के दौरान सबरीमला मंदिर और इसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि 24 पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, 112 उप पुलिस अधीक्षक, 264 निरीक्षक और 1185 उप निरीक्षकों को टीम में तैनात किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि कुल 8402 सिविल पुलिस कर्मी भी मंदिर परिसर के आसपास ड्यूटी पर रहेंगे जिसमें 307 महिलाएं शामिल होंगी।

## सांभर झील में महामारी से हजारों देशी-विदेशी पक्षियों की मौत

# मृत पक्षियों के सैंपल लुधियाना और भोपाल लैबों में भिजवाए

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राज्य की खारे पानी की सबसे बड़ी सांभर झील में देशी-विदेशी हजारों पक्षी मृत मिले। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासनिक, वनविभाग और एनजीओ के लोग मौके पर पहुंचे। जयपुर से मेडिकल टीम बुलवाकर मृत पक्षियों के सैंपल लुधियाना और भोपाल लैबों में भिजवाए गए हैं। जांच रिपोर्ट 4-5 दिन में आएगी। इसके बाद ही पक्षियों की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, झील क्षेत्र में 15 प्रजातियों के करीब 1000 पक्षी मृत पड़े थे। कई पक्षियों की हालत ऐसी थी कि वो अपने दम पर उठ भी नहीं पा रहे थे। वन कर्मचारियों ने झील क्षेत्र से घायल पक्षियों को इलाज के लिए किनारे पर लेकर आए।

> मृत पक्षियों में मुख्यत रिंगू फ्लेवर, केंटिस फ्लेवर, टिनिप फ्लेवर, ब्लेक टेल स्टिल्ट, ग्रीन स्टइंट, गार्गने, कॉमन कूट, लेसर विजसलिग, रफ, नॉर्दन सर्वलर, पलास गर्ल, कैस्पियन गल, पाइड इवोसेट प्रजाति के पक्षी शामिल हैं






### पक्षियों की मौत सिलसिला 15 दिन से जारी था

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पक्षियों की मौत का मामला 10-15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद ही पक्षियों की मौत के कारणों के बारे में स्पष्ट कहा जा सकता है। मृत पक्षियों में मुख्यत रिंगू फ्लेवर, केंटिस फ्लेवर, टिनिप फ्लेवर, ब्लेक टेल स्टिल्ट, ग्रीन स्टइंट, गार्गने, कॉमन कूट, लेसर विजसलिग, रफ, नॉर्दन सर्वलर, पलास गर्ल, कैस्पियन गल, पाइड इवोसेट प्रजाति के पक्षी शामिल हैं। मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। स्थान विशेष पर पानी में कुछ ऐसा पदार्थ हो सकता है, जिससे इन पक्षियों की मौत हो गई अथवा किसी पक्षी में बर्ड फ्लू जैसी बीमारी हो सकती है, जो इन पक्षियों के संपर्क में आने से फैल रही हो। मौके पर जांच टीम ने पानी के भी सैंपल लिए हैं।

## मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इंटर्नशिप योजना 2019 के आवेदन की तिथि बढ़ाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




### खास बातें

- अब आवेदन की अंतिम तिथि को 15 नवंबर
- इंटर्नशिप में प्रवेश साल में दो बार, नवंबर/दिसंबर तथा अप्रैल/मई के दौरान होगा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भारत या विदेशी संस्थानों में स्नातक या एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे भारतीय नागरिकों से संबंधित एमएचआरडी इंटर्नशिप योजना 2019 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया है । मंत्रालय के निदेशक सैयद इकराम रिजवी की ओर से 11 नवंबर को जारी प्रपत्र में कहा गया है कि पूर्व में एमएचआरडी इंटर्नशिप योजना 2019 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर थी जिसे अब बढ़ाकर 15 नवंबर 2019 कर दिया गया है । इसमें कहा गया है कि अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी । पूर्व में 10 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार यह इंटर्नशिप दो माह की अवधि के लिए दी जायेगी और यदि अपेक्षित हो तो व्यक्तिगत मामलों में इसे छह माह तक बढ़ाया जा सकता है । इंटर्नशिप में प्रवेश साल में दो बार, नवंबर/दिसंबर तथा अप्रैल/मई के दौरान होगा । इसमें कहा गया है कि इंटर्नशिप के लिए अधिकतम 15 स्थान उपलब्ध होंगे। इंटर्नशिप के लिए एक इंटर्न को प्रति माह 10 हजार रुपये का स्टाइपंड दिया जाएगा । इंटर्न को उसकी इंटर्नशिप सफलतापूर्वक समाप्त होने पर ब्यूरो द्वारा एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा ।

## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय विधेयक को दी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

- विश्वविद्यालय को एक निजी विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय विधेयक, 2019 को स्वीकृति दे दी है। राज्य विधानसभा ने इस वर्ष एक सितम्बर को इस विधेयक को पारित किया था। यहां मंगलवार को जारी राजभवन के एक बयान में कहा गया है कि राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अनुरूप अपनी सहमति दी है। इसमें कहा गया है पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष ने एक सितम्बर, 2019 को विधेयक पारित किया था और संबंधित विभाग की जांच के बाद छह नवम्बर को इसे राज्यपाल के पास उनके विचार के लिए भेज दिया गया था। स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय विधेयक 2019 के अनुसार एक विश्वविद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखा जायेगा और इसे उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में स्थापित किया जायेगा। विश्वविद्यालय को एक निजी विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा।

**B J DUPLEX BOARDS LIMITED**

REG. OFF.: Regd. Office: H. NO. 83, T/F CHAWRI BAZAR, DELHI -110006
Landline: (91)-11-41410139 CIN: L21090DL1995PLC066281 E-MAIL: sbj@anandpulp.com

**Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the Second Quarter Ended September 30,2019** (In Lakhs)

| Particulars | Quarter ended 30.09.2019 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2018 (Unaudited) | Half Year Ended 30.09.2019 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | - | - | 0.05 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.86) | (5.51) | (6.21) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.86) | (5.51) | (6.21) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.86) | (5.51) | (6.21) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (1.86) | (5.51) | (6.21) |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 37.66 | 503.97 | 37.66 |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| 1. Basic : | (0.03) | (0.11) | (0.12) |
| 2. Diluted: | (0.03) | (0.11) | (0.12) |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited standalone financial Results for the Second quarter ended September, 30, 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the Second quarter ended September, 30, 2019is available on the Stock Exchanges' website (www.bseindia.com) and Company's website (www.bjduplexboard.com).
2. Previous year/ period figures have been rearranged and regrouped wherever necessary to make them comparable with current period figures.
3. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on 12th November, 2019.
4. These financial results have been prepared in accordance with Ind-AS notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 and relevant amendment thereafter.

FOR B J DUPLEX BOARDS LIMITED
Sd/-
Vishwa Bandhu Saluja
Director
DIN – 00106296

Place : Delhi
Date : 12th November, 2019

**जेनोमिक वैली बायोटेक लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 4 कि.मी. स्टोन, बेरी छारा रोड, गांव खेरका मुसलमान, पी.ओ. टांडाहेड़ी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507
CIN: L01122HR1994PLC033029 ; Tele: +91-9811341542
Email: genomicvalley@gmail.Com; Visit: http://www.genomicvalley.com

**30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण** (राशि रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त 3 माह 30 सितम्बर 19 अअंकेक्षित | समाप्त पूर्ववर्ती 3 माह 30 जून 19 अअंकेक्षित | पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह 30 सितम्बर 18 अअंकेक्षित | समाप्त पूर्ववर्ती वर्ष 31 मार्च 19 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय | 1,935,304 | 1,883,494 | 2,012,512 | 9,998,052 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पूर्व असाधारण और/अथवा असाधारण मदे) | 221,053 | 111,864 | 101,507 | 2,347,049 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 221,053 | 111,864 | 101,507 | 2,347,049 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 221,053 | 111,864 | 101,507 | 2,324,966 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 221,053 | 111,864 | 101,507 | 2,324,966 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल रु. 10/- प्रत्येक की दर से 30,54,500 इक्विटी शेयर) | 3,054,500 | 3,054,500 | 3,054,500 | 3,054,500 |
| 7 | रिजर्वस (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनमूर्ल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 17,065,232 | 17,065,232 | 14,740,266 | 17,065,232 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर | | | | |
| | (ए) बेसिक : | 0.07 | 0.04 | 0.03 | 0.76 |
| | (बी) डायल्युटेड : | 0.07 | 0.04 | 0.03 | 0.76 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों के सार की समीक्षा ऑडिट कमेटी के सदस्यों द्वारा कर ली गई थी और उसके उपरांत निदेशक मंडल द्वारा 12 नवम्बर 2019 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक और वर्ष से तिथि तक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.genomicvalley.com) पर उपलब्ध हैं।

कृते व जेनोमिक वैली बायोटेक लि. के बोर्ड की ओर से
हस्ता/-
योगेश अग्रवाल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन-01165288

स्थान : हरियाणा
दिनांक : 13 नवम्बर, 2019
पता : जी-74, पुष्कर एंक्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063

## चिंतन

# महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन ही विकल्प था

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन को लेकर 20 दिनों तक जो हाईवोल्टेज सियासी ड्रामा चला, वो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए किसी आघात से कम नहीं था। चुनाव परिणाम आने के बाद सरकार गठन को लेकर शिवसेना का रवैया हैरान करने वाला रहा। भाजपा को विधानसभा में बहुमत से दूर देख शिवसेना ने ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री की तान छेड़ दी। 288 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा को 105, शिवसेना को 56, राकांपा को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली हैं। भाजपा-शिवसेना और कांग्रेस-राकांपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। नियमानुसार राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी ने सबसे पहले सबसे बड़े दल भारतीय जनता पार्टी को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया। भाजपा ने साफ इनकार कर दिया तो दूसरे सबसे बड़े दल शिवसेना को न्यौता भेजा गया, लेकिन शिवसेना तय समय में विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को नहीं दे पाई। दावा तो किया गया कि उन्हें राकांपा और कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है, लेकिन राज्यपाल को समर्थन पत्र देने में असफल रही तो राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने गृहमंत्रालय को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन की सिफारिश भेज दी। केंद्रीय कैबिनेट ने राज्यपाल की रिपोर्ट को मंजूर करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश राष्ट्रपति से कर दी और राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी। 24 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद महाराष्ट्र में जो सियासी ड्रामा हो रहा था, उसके खात्मे का एकमात्र विकल्प राष्ट्रपति शासन ही था। देश के प्रमुख संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप भी मानते हैं कि राष्ट्रपति शासन की सिफारिश एकदम ठीक है। क्योंकि राज्यपाल ने सभी को सरकार बनाने का मौका दिया, लेकिन जब कोई भी दल सरकार बनाने में सफल होता न दिखे तो इस स्थिति में राष्ट्रपति ही विकल्प रह जाता है, लेकिन शिवसेना इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। असल में देखा जाए तो राज्य को राष्ट्रपति शासन की ओर धकेलने वाली ही शिवसेना है। तीस सालों से एनडीए का हिस्सा रही शिवसेना के कारण ही राज्य में सरकार का गठन नहीं हो पाया। असल में शिवसेना को असली चिढ़ महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के बढ़े जनाधार से है। 2014 से पहले भाजपा-शिवसेना का गठबंधन रहा तो सेना हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रही, लेकिन 2014 नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हालात बदल गए। पूरे देश की तरह महाराष्ट्र में भी भाजपा का जनाधार काफी बढ़ा। कभी शहरी पार्टी कहे जाने वाली भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी जड़ें जमाई। यही बात शिवसेना को अखरने लगी और उसने 2014 के विधानसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरने का निर्णय किया। परिणाम आने पर भाजपा को जहां 122 सीटें मिलीं, वहीं शिवसेना महज 63 पर ही सिमट गई। हालांकि शिवसेना ने भाजपा को राज्य में सरकार बनाने के लिए समर्थन तो दिया, लेकिन अंदर खाते छोटे भाई की भूमिका को पचा नहीं पाई। भाजपा ने राज्य में नया प्रयोग करते हुए स्वच्छ छवि के गैर मराठा देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया तो शिवसेना को यह भी अखरा। शिवसेना सरकार में तो शामिल रही, लेकिन फडणवीस की ईमानदारी के चलते वो सब नहीं कर पाई, जो करना चहाती थी। पूरे पांच साल तक शिवसेना की यह टीस उसके नेताओं के बयानों से झलकती रही। यहां तक कि कई बार शिवसेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भी अपशब्दों का प्रयोग कर डाला। अपने खिसक चुके जनाधार से वाकिफ शिवसेना ने 2019 में भाजपा से गठबंधन करके चुनाव तो लड़ा, लेकिन परिणाम आते ही रंग बदल लिया। अब वो कांग्रेस और राकांपा के सहारे मुख्यमंत्री पद पाने का सपना संजोने लगी थी। अगर यह सरकार बन भी जाती तो राज्य का भला नहीं होने वाला था। राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करके बिल्कुल सही किया है, यही एकमात्र रास्ता था।

## सारा संसार



नैनीताल भारत के उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख पर्यटन नगर है। यह नैनीताल जिले का मुख्यालय भी है। कुमाऊँ क्षेत्र में नैनीताल जिले का विशेष महत्व है। देश के प्रमुख क्षेत्रों में नैनीताल की गणना होती है। नैनीताल जिले में सबसे अधिक ताल हैं। इसे भारत का लेक डिस्ट्रिक्ट कहा जाता है, क्योंकि यह पूरी जगह झीलों से घिरी हुई है।

## व्यंग्य

मोहनलाल मौर्य

# नागिन डांस

चार माह की लंबी निद्रा के बाद देव जाग गए हैं। बैंड बाजा और बारात का सीजन आरंभ हो गया है। अब रोज कर्णप्रिय शहनाई की गूंज, बैंड बाजे की ध्वनि और कानफोड़ डीजे की आवाज हर गली मोहल्ले में सुनाई देगी। कई दिनों से लोगों के अंदर ही अंदर हिचकोले मार रहा नागिन डांस बाहर निकलेगा और जमीन पर लोट-पलेटा मारकर यह साबित करेगा कि यहां पर मेरे से बेहतर और कोई नागिन डांस नहीं कर सकता है। आज मेरे यार की शादी है। गाने पर दूल्हे का बाप भी नाचता नजर आएगा। छोटे-छोटे भाइयों के बड़े भैया गाने पर दूल्हे की बहन,भाभी एवं देवरानी-जेठानी जमकर ठुमके लगाएंगी और कई तो कमर में लचक होने बावजूद भी दो-चार ठुमके तो लगाकर ही रहेंगी। महिलाएं अपने डांस की कसर महिला संगीत के अवसर पर तो अवश्य निकालकर ही रहेंगी। विविध पकवानों की महक से महकने वाले मैरिज गार्डन में अच्छे-अच्छे वीआईपी भी हाथ में प्लेट लेकर लाइन में लगे हुए दिखेंगे और डायबिटीज वालों के मुंह में भी गुलाब जामुन दिखेगा। तथा घर पर अक्सर जिन पति पत्नियों में अनबन होती रहती है, वो भी एक-दूसरे की प्लेट से व्यंजन आदान-प्रदान करते दिखेंगे। पड़ोसन की साड़ी पहनकर आई वह महिला, जो कि ताड़ के वृक्ष की तरह तनी हुई रहती है। उसकी साड़ी पर पनीर गिरते ही वह लोगों को अपनी और किस तरह से आकर्षित करती हैं उस तरह के दृश्य भी खूब देखने को मिलेंगे। आधा खाना पेट में आधा प्लेट में छोड़कर फ्लोर पर डांस करके फिर से प्लेट भरकर खाने की बर्बादी करने वाले अपनी शादी के कोट पेंट को ड्राईक्लीन वाले को दे दिए हैं। क्योंकि इनके पास भी देवउठनी के विवाह का निमंत्रण आ चुका है। जूतों के पॉलिश करके तैयार बैठे हैं। दुल्हन की बहन का एप्टीट्यूड देखकर उस पर फिदा होने वाले पिटते भी दिखेंगे और दूल्हे के भाई को झूम शराबी झूम गाने पर थिरकते देखकर उसे शराबी समझने वाले खुद पव्वा पीकर डांस करते-करते औंधे मुंह पड़े हुए दिखेंगे। भले ही पहली दफा पी हो। लेकिन इन्हें देखने वाले दारू खोर कहे बगैर नहीं रहेंगे। ऊपर से नसीहत और देंगे कि दो पैग लगाकर ही गिर जाते हैं। फीता कटाई और जूता छुपाई की रस्म अदायगी के समय सालियों और दूल्हे के यार-दोस्तों के बीच होने वाली हंसी-ठिठोली में सत्तर साल के बुड्ढे भी सम्मिलित हुए बगैर नहीं रहेंगे और ग्यारह हजार का नेग ग्यारह सौ नहीं हो जाए, तब तक जाएंगे नहीं। सुबह विदाई के समय नजर नहीं आएंगे। समधिनों के हाथों में गुलाल देखते ही जिस तरह से एकदम से बिजली गुल हो जाती है ठीक उसी तरह से गुल हो जाएंगे, लेकिन गुल होने के बावजूद भी बच नहीं पाएंगे। गाड़ी में बैठते समय पीठ पर इतनी गुलाल उड़ेल दी जाती है,उतनी तो राजी खुशी लगवाते तब भी नहीं लगती।

# फैसले के बाद का फैसला



करवट
कुमार प्रशांत

> इसलिए हमें आज सर्वोच्च न्यायालय की बात मान ही लेनी चाहिए, क्योंकि हमने उससे वह काम लिया है जो काम उसका कभी भी और किसी हालत में नहीं था। हमारी जिद और हमारे उन्माद ने एक संयमित, सजग और संस्कारी समाज की पहचान खो दी है। एक तरफ हमारा सामाजिक नेतृत्व इतना प्रभावी बना नहीं कि वह लोगों को रास्ता दिखा सके, दूसरी तरफ हमारा राजनीतिक नेतृत्व अत्यंत बौना, स्वार्थी व सांप्रदायिक साबित हुआ। फिर बची रही हमारी न्याय-व्यवस्था!

जब आप वायलिन से कुदाल का काम लेने लगें तब राग-रागनियों की बारीकी का रोना कैसे रो सकते हैं? इसलिए अयोध्या के मामले में, देश के कानूनी इतिहास की दूसरी सबसे लंबी सुनवाई के बाद आया फैसला हमसे न्याय के बारे में कुछ नहीं कहता है बल्कि इतना ही बताता है कि साक्ष्य, सूत्र, भावनाओं के आधार पर उसने किसे कहां, कितनी जमीन और जगह देना न्यायप्रद लगा, तो हमें शिकायत नहीं करनी चाहिए. क्यों, कहां, कैसे और किस तरह आदि-आदि सवाल अब न पूछे जाएं और न उनका कोई उत्तर खोजा जाए। बस उतना और वही जाना व माना जाए जो सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा है। 134 साल पुराना जख्म आप जब भी छूते, होना तो यही था- कहीं खून बहता, कहीं आह उठती, कहीं सपने टूटते तो कहीं जीत का भाव जागता; और लंबे समय तक सालने वाला पराजय घनीभूत हो जाता।


इसलिए हमें आज सर्वोच्च न्यायालय की बात मान ही लेनी चाहिए, क्योंकि हमने उससे वह काम लिया है जो काम उसका कभी भी और किसी हालत में नहीं था। हमें अपनी न्याय-व्यवस्था का आभारी होना चाहिए कि उसने इस चुनौती को स्वीकार किया और कई स्तरों पर इसका हल निकालने की कोशिश की। अंततः सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष संविधान पीठ का गठन किया, लगातार इस मामले की सुनवाई की, सभी पक्षों को अपनी बात व साक्ष्य रखने का पूरा मौका दिया और फिर फैसले तक पहुंची। लेकिन बस, इसके आगे कई सवाल ऐसे खड़े होते हैं कि जो अदालत को ही कठघरे में खड़ा करते हैं। हम फैसले को पूरी तरह मान्य करते हैं, न्यायाधीशों का सम्मान भी करते हैं लेकिन यह कहने से खुद को रोक नहीं पाते हैं कि मी लॉर्ड, या तो आपने विवाद की आत्मा नहीं पहचानी या फिर इसके पीछे छिपी राजनीति की कुटिलता की अनदेखी की। जो हुआ वह ऐसा हुआ जैसे सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय की तुला किनारे रख दी और सबको समझा-बुझा कर बीच का रास्ता निकाल दिया। नहीं तो यह कैसे हुआ कि न्यायालय जिसे जमीन की मालिकी का मामला बता रहा था उसमें धार्मिक विश्वास, पुराण-कथाएं, आस्था आदि का भी समावेश हो गया? संभव है कि जब मामला खुला तब सर्वोच्च न्यायालय को समझ में आया कि यह जमीन की मालिकी का सामान्य मामला नहीं है, भारतीय समाज के कई नाजुक धागों को छूने का मामला है। यह समझ में आया तो अच्छा ही हुआ। लेकिन फिर उसका कोई प्रभाव फैसले पर क्यों नहीं हुआ? अदालत ने राम की जन्मभूमि के स्थल को कानूनी मान्यता दे दी, तो किस आधार पर? अगर वह आधार धार्मिक है तो वह कानूनी तराजू पर कैसे तोला गया? सर्वोच्च न्यायाधीश रंजन गोगई ने ही तो कहा था कि हम आस्था व मान्यता के आधार पर नहीं, साक्ष्य के आधार पर फैसला करेंगे, तो रामजन्मभूमि के मामले में ऐसा कौन-सा साक्ष्य पेश किया गया कि जो ऐसा कानूनसम्मत था कि अदालत ने उसे ज्यों-का-त्यों स्वीकार लिया? आपने फैसले में कहा तो यही न कि हिंदुओं ने अपना मामला ज्यादा अच्छी तरह पेश किया, तो क्या वाकचातुरी या वेद-पुराण ऐसे विवाद में न्याय का पलड़ा अपनी तरफ झुका सकते हैं ? न्यायालय के कहने का मतलब यह भी तो है न कि दूसरे पक्ष को अपना मामला पेश करना नहीं आया? अगर ऐसा था तब तो न्यायालय के लिए और भी जरूरी था



कि वह दूसरे पक्ष को और तैयारी का मौका देता? फैसला सुनाना नहीं, सत्य तक पहुंचना अदालत का काम है। के. परासरन साहब का पांडित्य अपनी जगह है लेकिन क्या वह कानून की जरूरतें पूरी करता है? हमें तो अदालत से न्याय से अधिक या न्याय से कम कुछ भी नहीं चाहिए. फिर हमें समझाएं मी लार्ड कि बकौल आपके 1934 में मस्जिद के गुंबद को नुकसान पहुंचाना, 22 दिसंबर 1949 की रात में गर्भगृह में, चोरी-चोरी मूर्तियों को ले जा कर रख देना और फिर मुसलमानों का वहां प्रवेश निषेध कर देना तथा 6 दिसंबर 1992 को मस्जिद को ध्वस्त कर देना कानून का गंभीर उल्लंघन था. कानून तोड़ना अपराध है, तो ये सभी आपराधिक कृत्य थे. क्या कोई ऐसा गैर-कानूनी आपराधिक कृत्य हो सकता है जिसे अदालत में पेश किया जाए, अदालत उस अपराध को मान्य भी करे फिर भी उसकी सजा न दे? मी लॉर्ड,आपके फैसले में इन तीन गंभीर व अनैतिक अपराधों की क्या सजा दी गई? आपकी ही अदालत में सालों से बाबरी मस्जिद ध्वंस का मुकदमा चल रहा है. क्या यह ज्यादा न्यायपूर्ण न होता कि आप अपना फैसला वही सुनाते जो आपने अभी सुनाया है लेकिन यह भी कहते कि इस फैसले को तभी लागू किया जा सकता है जब ध्वंस के मुकदमे का फैसला हो और उसके अपराधी सुनिश्चित किए जाएं? और यह भी कि उस मुकदमे की सुनवाई एक पखवारे में पूरी की जाए ताकि यह ताजा फैसला लंबे समय तक लटका न रहे? और शायद यह भी कि उस मुकदमे में जो अपराधी साबित होंगे वे हमेशा के लिए किसी भी प्रातिनिधिक पद के अयोग्य माने जाएंगे? आखिर ऐसा न्याय कैसे हो सकता है जो अपराधी-पक्ष को छूता ही नहीं है ? और आपको खूब पता है कि आज की सरकार उनकी ही है जो इस अपराध में अपादमस्तक डूबे हैं. फिर उन्हीं लोगों की सरकार को आपने यह अधिकार भी दे दिया कि वे ही ट्रस्ट भी बनाएं, उसके सदस्य भी चुनें, मंदिर निर्माण की पूरी प्रक्रिया भी निर्धारित करें और निर्माण भी करें ! यह सजा है या इनाम? आप भटक गये श्रीमान! जमीन की मालिकी तै करने के बजाए आप इतिहास पढ़ने और लिखने में लग गये. देखिए न, आपने राम को -भगवान को - इंसान जैसी कानूनी हैसियत दे दी. कोई कहे कि यह ईश्वर का अपमान है, तो आप क्या बचाव करेंगे? ईश्वर हमारी वह ईजाद है जो हमारी हर इंसानी पकड़ से बाहर है. फिर वह कानून की इंसानी हद में कैसे बांध दिया गया? और अगर यह मान लिया जाए कि आपके फैसले के बाद से भगवान इंसान बन गया है तो फिर सीलिंग के तमाम कानूनों को धोखा देने के लिए मंदिरों-मस्जिदों-गिरजों-गुरुद्वारों आदि ने जो सैकड़ों एकड़ जमीनें भगवानों के नाम लिख दी हैं उनका क्या होगा ? भगवान यदि इंसान हैं तो इंसान तो जमीन की कानूनी मालिकी रख ही सकता है ! फिर भू-अधिकार के उन तमाम संघर्षों का क्या होगा जो भगवानों के नाम से की जा रही ऐसी धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ी गईं, लड़ी जा रही हैं, लड़ी जाएंगी ? उनका सारा संघर्ष ईश्वर के खिलाफ बगावत बन जाएगा न !

हिंदुत्व के दावेदार कह रहे हैं कि उनका लक्ष्य उन्हें हासिल हो गया, बस अब मंदिर बनाना है ! इस अपराध के सर्जक लालकृष्ण आडवाणी कह रहे हैं कि उन्हें गर्व है कि वे बाबरी मस्जिद ध्वंस आंदोलन में शामिल हुए, उमा भारती विजय का समारोह आडवाणी के घर मत्था टेककर मना रही हैं. अपराध-बोध का लेशमात्र भी कहीं नहीं है. दूसरी तरफ मुसलमान समुदाय में गहरी हताशा व पराजय का भाव घनीभूत है. अभी वह सदमे में है, कल इससे बाहर आएगा, और फिर उसकी अभिव्यक्ति कैसी होगी, कहना कठिन है. जरा सोचिए कि आपका फैसला यदि मस्जिद के पक्ष में गया होता तो आज देश में क्या नजारा होता ! सड़कों पर और मंदिरों में और हिंदुत्व के तमाम गढ़ों में क्या हो रहा होता और देश भर की मस्जिदों पर क्या गुजर रही होती ? संसद में अपने अपार बहुमत की तलवार से आपका फैसला अब तक काट डाला गया होता और संसद वही फैसला करती जो आपने किया. जातीय श्रेष्ठता के दर्शन में विश्वास करने वाली राजनीति का यह चेहरा आप कैसे भूल गये ? आपने ठीक ही कहा था कि अदालतें इतिहास की गलतियों को सुधारने का काम नहीं कर सकती हैं. लेकिन आप यह भूल गये कि अदालतें ऐतिहासिक गलतियां भी नहीं कर सकती हैं.


## सामर्थ्य और परिस्थितियों का अनुगमन जरूरी



संकलित
दर्शन

जीवन अनेकों समस्याओं के साथ उलझा हुआ है। उन उलझनों को सुलझाने में, प्रगति पथ पर उपस्थित रोड़ों को हटाने में बहुधा हमारी शक्ति का एक बहुत बड़ा भाग व्यतीत होता है, फिर भी कुछ ही समस्याओं का हल हो पाता है। उस अपूर्णता का कारण यह है कि हम हर समस्या का हल अपने से बाहर ढूँढ़ते हैं जब कि वस्तुतः वह हमारे शरीर के अंदर ही छिपा रहता है। यदि हम कोई आकांक्षाएँ करने से पूर्व अपनी सामर्थ्य और परिस्थितियों का अनुगमन करें तो उनका पूर्ण होना विशेष कठिन नहीं है। एक बार के प्रयत्न में न सही, सोची हुई अवधि में न सही, पूर्ण अंश में न सही, आगे पीछे न्यूनाधिक सफलता इतनी मात्रा में तो मिल ही जाती है कि काम चलाऊ सन्तोष प्राप्त किया जा सके। पर यदि आकांक्षा के साथ-साथ अपनी क्षमता और स्थिति का ठीक अन्दाजा न करके बहुत बढ़ा-चढ़ा लक्ष्य रखा गया है, तो उसकी स्थिति कठिन ही है। ऐसी दशा में असफलता एवं खिन्नता भी स्वाभाविक ही है। पर यदि अपने स्वभाव में आगा पीछा सोचना, परिस्थिति के अनुसार मन चलाने की दूरदर्शिता हो तो उस खिन्नता से बचा जा सकता है और साधारण रीति से जो उपलब्ध हो सकता है उतनी ही आकांक्षा करके शान्तिपूर्वक जीवन यापन किया जा सकता है। अपने स्वभाव की त्रुटियों का निरीक्षण करके उनमें आवश्यक सुधार करने के लिए यदि हम तैयार हो जाएँ। तो जीवन की तीन चौथाई से अधिक समस्याओं का हल तुरन्त ही हो जाता है।

## अहंकार रहित उपलब्धि



संकलित
प्रेरणा

पश्चिम का बहुत बड़ा नर्तक हुआ निजिंस्की। निजिंस्की ऐसी छलांगें भरता था कि वैज्ञानिक चकित हो जाते थे। क्योंकि गुरुत्वाकर्षण के कारण वैसी छलांगें हो ही नहीं सकतीं। और साधारण अवस्था में निजिंस्की भी वैसी छलांगें नहीं भर सकता था। वह कहता था, जब यह घटती है तब घटती है। जब मैं होता ही नहीं तब यह घटता है। जानकार कहते हैं, यही तो योग का पुराना सूत्र है। यह तो तंत्र का पुराना आधार है। निजिंस्की को कुछ पता नहीं वह क्या कह रहा है। अगर उसे पूरब के शास्त्रों का पता होता तो वह व्याख्या कर पाता। विज्ञान कहता है न्यूटन ने खोजा वृक्ष के नीचे बैठे-बैठे। गिरा फल और न्यूटन को खयाल आया, हर चीज ऊपर से नीचे की तरफ गिरती है। पत्थर भी हम ऊपर की तरफ फेंकें तो नीचे आ जाता है, तो जरूर जमीन में कोई गुरुत्वाकर्षण, कोई ग्रेविटेशन होना चाहिए। जमीन खींचती है चीजों को अपनी तरफ। न्यूटन ने एक बात देखी। हमने और भी एक बात देखी, जो न्यूटन ने नहीं देखी। और खयाल रखना, वही दिखाई पड़ता है जो हम देखने को तैयार होते हैं। कृष्ण ने कुछ और देखा, अष्टावक्र ने कुछ और देखा। उन्होंने यह देखा कि ऐसी कुछ घड़ियां हैं जब अहंकार नहीं होता तो आदमी ऊपर की तरफ उठने लगता है; जैसे आकाश की कोई कशिश, कोई आकर्षण है जिसे वैज्ञानिक कहता है ग्रेविटेशन, गुरुत्वाकर्षण, ऐसे अंतरतम को मनीषियों ने कहा है प्रभु का आकर्षण। ऊर्ध्व, ऊपर की ओर से उतरती कोई ऊर्जा और खींचने लगती है। इसे ग्रेस या प्रसाद कह सकते हैं।

## मौत का कुआं



जम्मू स्थित चाक झिरी में एनुअल फार्मर फेयर के दौरान 'मौत का कुआं' में स्टंट करते हुए स्टंटमैन।

## आज की पाती

### प्रकृति की सुनें आवाज

प्रकृति के अपने नियम-उसूल होते हैं। यदि प्रकृति से छेड़छाड़ कर दी जाए या फिर इसके नियमों का उल्लंघन किया जाए, तो प्रकृति प्रचंड हो जाती है। प्राकृतिक आपदाएं इसी प्रचंडता का परिणाम हैं। कुछ अरसे से बादल फटने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। भारी बारिश से देश परेशान था। पिछले कुछ दिन से बुलबुल तूफान ने देश के कुछ हिस्सों में कहर बरपाया हुआ था। गुजरात, महाराष्ट्र में भी चक्रवात के चलते तूफान की आशंका थी। मौसम विभाग और प्रशासन ने पहले ही अलर्ट भी घोषित कर आगाह कर दिया था, लेकिन प्रकृति के आगे तो कोई पेश नहीं चलती और दूसरा लोग भी सतर्क होने के बजाय इसे हल्के से लेते हैं। समझ नहीं आता है कि हम प्रकृति की इस घंटी की आवाज को क्यों अनसुना कर रहे हैं। - रवि कुमार

## ट्रेंड

### सौहार्द का संकल्प लें



गुरु नानक देव जी की 550वीं पावन जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, हम गुरु नानक देव जी के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालकर, करुणा, समता और परस्पर सौहार्द पर आधारित समाज बनाने का संकल्प लें।
-रामनाथ कोविंद

### सुशिक्षित हो समाज



महामना भारत रत्न पं.मदन मोहन मालवीय ने अपनी लगन और दूरदर्शिता से देश को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसा संस्थान दिया। उनका मानना था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब वहां के निवासी सुशिक्षित हों। पुण्यतिथि पर नमन।
-अमित शाह

### मानसिक घटना है खुशी



खुशी मानसिक घटना है। शारीरिक संतुष्टि के लिए मानसिक संतुष्टि जरूरी है। हमें भौतिक विकास की आवश्यकता है, लेकिन खुशी खोजने के लिए अकेले भौतिक चीजों पर निर्भर रहना एक गलती है। इस पर गर्मजोशी से काम करने की जरूरत है।
-दलाई लामा

### मंदिर के लिए क्या किया



जो अब राम मंदिर मामले के लिए क्रेडिट का दावा करना चाहते हैं, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि मामले की सुनवाई और मामले को सूचीबद्ध करने के लिए उन्होंने 2010 से 2017 तक क्या किया? क्या कोई किसान बीज बोने के बिना फसल पा सकता है।
-सुब्रमण्यम स्वामी

## करंट अफेयर


# मेक्सिको ने दी बोलीविया के राष्ट्रपति को शरण



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस को देश में शरण दी है। मोरालेस ने चुनाव नतीजों में गड़बड़ी के आरोपों के बाद सेना और जनता के बढ़ते दबाव के बीच रविवार को इस्तीफा दे दिया था। मेक्सिको के विदेश मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'कुछ मिनट पहले ही मुझे पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस का फोन आया था, जिसमें उन्होंने हमारे प्रस्ताव का जवाब दिया और मौखिक एवं औपचारिक रूप से देश में राजनीतिक शरण देने का अनुरोध किया।' उन्होंने कहा, 'मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने गृह मंत्री ओल्गा सांचेज़ कॉर्डेरो से विचार-विमर्श के बाद मानवीय आधार पर उन्हें शरण देने का निर्णय लिया। बोलीविया में मोरालेस की जान को खतरा है।' हालांकि उन्होंने इस सवाल का कोई जवाब नहीं दिया कि मोरालेस कब मेक्सिको पहुंचेंगे। वहीं पेरू के सैन्य सूत्रों ने जानकारी दी है कि बोलीविया से मोरालेस को लाने के लिए मेक्सिको वायु सेना का विमान पेरू की राजधानी लीमा पहुंच गया है। सूत्रों ने बताया,'हमें इस बात की जानकारी नहीं है कि पूर्व राष्ट्रपति को ले कर विमान कब उड़ान भरेगा।'

## ऑफ बीट

# राम मंदिर के लिए तैयार हो रहा 2100 किलो का घंटा



**एटा।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से राम मंदिर का फैसला सुनाए जाने के बाद अब जलेसर में घंटा बनाए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। एक घंटे का ऑर्डर पहले से ही मिल चुका था। इस घंटा बनाने में घिसाई का काम कारीगर इकबाल और शमशुद्दीन कर रहे हैं। वह बनकर तैयार हो चुका है। इस घंटे की कीमत 10 लाख रुपये है। अब दस घंटों पर और काम चल रहा है। अयोध्या में राममंदिर बनने का रास्ता साफ होने के बाद जलेसर में घंटा बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। एक नहीं 10 घंटे बनाए जा रहे हैं। एक घंटा बनकर तैयार हो गया है। इस घंटे का ऑर्डर पहले ही मिल गया था। घंटा बना रहे विकास मित्तल ने बताया कि राम मंदिर के लिए देश के सभी मंदिरों से बड़ा और भारी घंटा बनाया जा रहा है। इसका वजन 2100 किलो के करीब है। जो घंटे बनाए जा रहे हैं उनमें पीतल के अलावा अन्य धातुओं का भी प्रयोग किया जा रहा है। इस घंटे के निर्माण में 10 लाख रुपये से अधिक का खर्चा आ रहा है। इस घंटों की बड़ी डिमांड को देखते हुए कारीगरों की भी संख्या बढ़ाई गई है। जो घंटा बनाया जा रहा है इसकी ऊंचाई छह फुट तथा चौड़ाई पांच फुट होगी। कारखाना में मुख्य कारीगर दाउदयाल कुशवाह हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**ठाणे**। मुंबई-आगरा राजमार्ग पर यहाँ शाहपुर के पास मंगलवार सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहपुर पुलिस थानाध्यक्ष के बताया कि घटना महाराष्ट्र के ठाणे जिले के आसनगांव में सुबह 8.30 बजे हुई जब पर्यटकों को लेकर नासिक की ओर जा रही एक कार गैस टैंकर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा कि इस हादसे में कार सवार एक महिला यात्री समेत वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका शाहपुर ग्रामीण अस्पताल में उपचार चल रहा है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पर्यटकों को लेकर जा रही कार की पंजीकरण संख्या राजस्थान की है।

### कुख्यात हथियार तस्कर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार



**जयपुर**। राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा 'एसओजी' के दल ने मध्यप्रदेश से एक कुख्यात हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) अनिल पालीवाल ने मंगलवार को बताया कि दल ने आज कुख्यात हथियार तस्कर बहादुर सिंह को बड़वानी जिले में स्थित उसके उण्डीखुद्री गांव से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह करीब 20 वर्षों से अवैध हथियार आपूर्ति के धंधे में लिप्त है।

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों को गुरु पर्व की बधाई दी

# मोदी सरकार गुरु नानक देव के विचारों, शिक्षाओं के प्रति समर्पित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरु नानक देव को भारत की समृद्ध संत परंपरा का अद्वितीय प्रतीक और मोदी सरकार को उनके विचारों एवं शिक्षाओं के प्रति समर्पित बताते हुए देशवासियों को गुरु पर्व की बधाई दी। गुरु नानक के 550वें प्रकाश पर्व पर सिलसिलेवार ट्वीट कर शाह ने कहा कि गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को समर्पित ऐतिहासिक 'करतारपुर गलियारा' गुरु नानक को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा, '' सिख पंथ के प्रथम गुरु, आदरणीय गुरु नानक देव जी भारत की समृद्ध संत परंपरा के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनकी शिक्षाएँ, विचार और मानवता की सेवा के प्रति उनका संकल्प हमारे लिए एक प्रेरणापुंज है। गुरु नानक देव जी की शिक्षा हमें सदैव मानव जाति से भेदभाव दूर करने के लिए प्रेरित करती है। '' गृहमंत्री ने कहा, '' मोदी सरकार गुरु नानक देव जी के विचारों व शिक्षाओं के प्रति समर्पित है, सबका साथ-सबका विकास का हमारा मूलमंत्र इसी का परिचायक है। '' उन्होंने साथ ही कहा, '' गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर मोदी जी द्वारा देशवासियों को समर्पित ऐतिहासिक 'करतारपुर गलियारा' गुरुनानक देव जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।'' शाह ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा, ''गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर उनको कोटि-कोटि नमन व समस्त देशवासियों को गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।'' यह गलियारा भारत के गुरदासपुर में बाबा नानक गुरुद्वारे को पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब से जोड़ता है। यहां गुरु नानक देव ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष बिताए थे। प्रधानमंत्री ने गत नौ नवंबर को करतारपुर गलियारे का उद्घाटन किया था।

### मानवतावाद और सामाजिक समानता के गुरुनानक के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लें: सोनिया

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर दुनिया भर में सिख समुदाय के लोगों को मंगलवार को बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आपसी प्रेम, सच्चाई, भाईचारे और सही रास्ते पर चलने की गुरु नानक की शिक्षा शाश्वत प्रासांगिक हैं और यह इसकी अपील समय से परे विश्वस्तर की हैं। गांधी ने अपने संदेश में कहा,''उनके संदेश आज भी उतने ही सच्चे हैं जितने 500 साल से ज्यादा पहले, जब उन्होंने यह संदेश दिए थे। प्रत्येक व्यक्ति शांति और सौहार्द के वातावरण में रहे यह सुनिश्चित करने के लिए विश्व को उनकी शिक्षा का अनुसरण करने की जरूरत है। सोनिया ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर मैं भारत में और विश्व भर में सिख भाई बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी लोगों को गुरु परब की बधाई दी है।उन्होंने ट्वीट किया कि गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई। गांधी ने कहा कि गुरु पूरब दी लख-लख बधाइयां। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व की लोगों को बधाई दी और कहा कि पूरे विश्व को गुरु नानक देव द्वारा दिखाई रोशनी की जरूरत है।



### गुरु नानक की शिक्षाओं और कार्यों का अनुसरण करना चाहियेः कोविंद



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि गुरु नानक देव हमारे दिलों में बसते हैं और लोगों को उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए सामाजिक विषमताओं को खत्म करने के लिये काम करना चाहिये। कोविंद, अपनी पत्नी सविता के साथ गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के मौके पर मंगलवार को सुबह पंजाब के कपूरथला जिले के पवित्र सुल्तानपुर लोधी कस्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में शरीक होने पहुंचे। वहां पंजाब के राज्यपाल वी पी सिंह बदनौर, मुख्यमंत्री अमरिन्दर सिंह और उनकी पत्नी प्रणीत कौर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कोविंद सीधे ऐतिहासिक गुरुद्वारा बेर साहिब पहुंचे और मत्था टेका। कोविंद इसके बाद पंजाब सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्हें एक स्मृति चिह्न और पारंपरिक कृपाण भेंट की गई।

### छठ के बाद रबिन्द्र सरोवर के पानी में कोई असामान्यता नहीं : डब्ल्यूबीपीसीबी

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) ने मंगलवार को कहा कि छठ पूजा के बाद महानगर के रबिन्द्र सरोवर की पारिस्थितिकी में कोई असामान्यता नहीं दिखी। उनकी इस बात को पर्यावरणविदों के धड़े ने खारिज कर दिया। बोर्ड के निष्कर्षों का ब्यौरा साझा करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि दो नवम्बर और तीन नवम्बर को तालाब से लिए गए नमूने दर्शाते हैं कि कोलीफॉर्म का स्तर (मानव और जानवर कूड़े में पाया जाने वाला बैक्टीरिया) तय सीमा के अंदर है। दो और तीन नवम्बर को छठ पूजा थी। उन्होंने कहा, ''दोनों दिनों पाया जाने वाला कोलीफॉर्म का स्तर क्रमशः 2300 एमडीएन (प्रति 100 मिलीलीटर) और 1300 एमडीएन था। यह असामान्य बदलाव नहीं है। कोलीफॉर्म के स्तर में बढ़ोतरी कई कारकों के कारण होती है केवल छठ पूजा से नहीं होती। जांच दर्शाते हैं कि बैक्टीरिया का स्तर सीमा के अंदर है जैसा कि कई सार्वजनिक स्थलों के जल निकायों में पाया जाता है।'' डब्ल्यूबीपीसीबी अधिकारी ने कहा कि इसी तरह रबिन्द्र सरोवर में जैव रासायनिक ऑक्सीजन में भी ज्यादा बदलाव नहीं दिखा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का उल्लंघन करते हुए हजारों लोगों ने रबिन्द्र सरोवर परिसर में छठ पूजा मनाया। एक दिन बाद तालाब में कछुए के अवशेष और मृत मछलियां पाई गईं।

### कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने कहा

## विधानसभा उपचुनाव में कम से कम 15 में 12 सीटें जीतेंगे



**बेंगलुरू**। कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने मंगलवार को विश्वास जताया कि कर्नाटक में अगले महीने होने वाले उपचुनावों में उनकी पार्टी 15 विधानसभा सीटों में कम से कम 12 पर जीत हासिल करेगी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा और जद(एस) के बीच आपसी तालमेल होने का संदेह जताया और स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी 'ऑपरेशन कमला' (विरोधी पार्टी के विधायकों को गलत तरीके से निशाना बनाना) जैसे किसी कृत्य में शामिल नहीं होगी। सिद्धारमैया, जो कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं ने कहा कि मैंने कहा है कि हम 12 सीटें जीतेंगे, अगर हम सभी 15 सीटें जीत गए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अयोग्य ठहराए गए उम्मीदवारों की याचिका पर बुधवार को उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद कांग्रेस राज्य इकाई आलाकमान के साथ चर्चा करेगी और उसके बाद बाकी सात सीटों पर उम्मीदवारों के नाम के बारे में फैसला किया जाएगा।

### तालिबान के तीन कैदियों को रिहा करेगा अफगानिस्तान

**काबुल**। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने मंगलवार को घोषणा की कि तालिबान के तीन शीर्ष स्तरीय कैदियों को रिहा किया जाएगा। इन कैदियों की रिहायी परोक्ष तौर पर पश्चिमी देशों के दो बंधकों के बदले में की जाएगी जिन्हें आतंकवादियों ने 2016 में अपहत कर लिया था।



तालिबान के इन तीन कैदियों में 2014 में गिरफ्तार अनस हक्कानी शामिल है जिसका बड़ा भाई तालिबान का उप नेता और हक्कानी नेटवर्क का प्रमुख है। गनी ने राष्ट्रपति भवन में की गई एक घोषणा में कहा कि हमने तीन तालिबान कैदियों को सशर्त रिहा करने का निर्णय किया है, जो कुछ समय से बगराम जेल में अफगान सरकार की हिरासत में हैं। उन्होंने पश्चिमी देशों के बंधकों के बारे में कुछ जानकारी नहीं दी जिसमें एक आस्ट्रेलियाई और एक अमेरिकी शामिल है। साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं हुआ कि उन्हें कब और कहां रिहा किया जाएगा।

### शीतकालीन सत्र को सफल बनाने के लिए नायडू ने बुलाई 17 नवंबर को सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली**। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने 18 नवंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र को सफल बनाने सहित अन्य अहम मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए उच्च सदन में विभिन्न दलों के नेताओं की 17 नवंबर को बैठक बुलायी हैं। राज्यसभा सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि उच्च सदन के 250वें सत्र की आगामी सोमवार को शुरुआत होने से पहले रविवार की शाम को नायडू सभी दलों के नेताओं के साथ उपराष्ट्रपति निवास में बैठक करेंगे। इस सत्र को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में सत्र के दौरान 26 नवंबर को पड़ने वाले 70वें संविधान दिवस एवं महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के आयोजन की रूपरेखा पर भी विचार किया जाएगा। इस बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारी ने कहा कि इसमें आगामी सत्र को पिछले सत्र की ही तरह कामकाज के लिहाज़ से कारगर बनाने की कार्ययोजना तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ससंद के 249वें सत्र में दोनों सदनों की बैठकें सामान्य तौर पर बिना किसी गतिरोध के संपन्न होने के कारण पिछला सत्र कार्य निष्पादन के लिहाज़ से सर्वाधिक फलदायी रहा था।



### राजीव गांधी हत्याकांडः दोषी पेरारिवलन को बीमार पिता की देखभाल के लिए मिली पेरोल

**चेन्नई**। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड मामले में सजा काट रहे एजी पेरारिवलन मंगलवार को 30 दिनों की पेरोल पर बाहर आए। पेरारिवलन को उनके पिता के स्वास्थ्य खराब होने के कारण पेरोल दी गई है। पेरारिवलन वेल्लौर सेंट्रल जेल में सजा काट रहे है। इससे पहले भी इस हत्याकांड की एक अन्य दोषी नलिनी को इसी साल जुलाई में बेटी की शादी की तैयारी के लिए 30 दिनों की पेरोल दी गई थी। एजी पेरारिवलन राजीव गांधी हत्याकांड में सजा काट रहे चार दोषियों में से एक है। राजीव गांधी हत्याकांड में पेरारिवलन के अलावा संतन, मुरुगन और नलिनी दोषी हैं। मुरुगन नलिनी का पति है। तमिलनाडु के श्रीपेरम्बुदूर में एक चुनावी रैली के दौरान 21 मई 1991 में लिट्टे के आत्मघाती हमले में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी।



## आस्था...



अहमदाबाद के एक मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट अंकित करने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद के रूप में रखे जाने वाले खाद्य पदार्थों की व्यवस्था करता पुजारी।

### बीज विधेयक में किसान हितों को पूरी तरह सुरक्षित करेगी सरकारः रूपाला

**नई दिल्ली**। कृषि राज्यमंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश होने वाले बीज एवं कीटनाशक विधेयक में सरकार किसान हितों को पूरी तरह से संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजधानी में भारतीय कृषक समाज द्वारा आयोजित 'बीज एवं कीटनाशक विधेयक' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूपाला ने कहा कि सरकार किसान हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। देश की खाद्य सुरक्षा उत्तम किस्म के बीज पर ही निर्भर है। हमारा प्रयास होगा कि किसानों को उच्चतम कोटि के बीज और कीटनाशक मिलें और इसके लिए लाये जा रहे विधेयक में किसान हितों को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बीज और कीटनाशक से संबंधित विधेयक में किसानों को फर्जी बीज और कीटनाशक बेचने तथा उसकी फसल बर्बाद होने की स्थिति से बचाने के लिए किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या छोटे छोटे खेत हैं जिससे किसान लाभान्वित नहीं होते न ही वे आधुनिक मशीनों के उपयोग का खर्च उठा पाते हैं।



### प्रहलाद लोधी मामला

## मप्र सरकार उच्च न्यायालय के स्थगन संबंधी फैसले को देगी चुनौती

**जबलपुर**। भाजपा के बर्खास्त विधायक प्रहलाद लोधी को आपराधिक मामले में भोपाल की विशेष अदालत से मिली दो साल की सजा पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाये जाने के फैसले को राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता शशांक शेखर ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय से प्रहलाद लोधी को मिले स्थगन को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। इसके लिए एक या दो दिनों में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्णय को कई आधार पर चुनौती दी जाएगी। गौरतलब है कि 31 अक्टूबर को सांसदों और विधायकों के मामलों की सुनवाई कर रहे भोपाल के विशेष न्यायाधीश सुरेश सिंह ने प्रहलाद लोधी सहित 12 लोगों को रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई करने वाले, सतना जिले की तहसील रैपुरा में पदस्थ तहसीलदार आर के वर्मा को 28 अगस्त 2014 को ग्राम मडवा के पास रोककर उसके साथ मारपीट करने और अपशब्द कहने के मामले में दोषी करार देते हुए दो साल की जेल और 3,500 रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। विशेष अदालत के निर्णय के बाद मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने दो नवंबर को लोधी की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी थी। वह पवई विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। इसके बाद लोधी ने खुद को मिली दो साल की सजा पर रोक लगाये जाने की अपील करते हुए चार नवंबर को विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।



- लोधी ने खुद को मिली दो साल की सजा पर रोक लगाये जाने की अपील करते हुए चार नवंबर को विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी

### कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शहरों का विकास ठप हुआ : चतुर्वेदी

**जयपुर**। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शहरों का विकास कार्य ठप होने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र की कई योजनाओं को राज्य सरकार ने रोक दिया है। भाजपा ने आगामी निकाय चुनाव के लिए दृष्टि पत्र भी जारी किया। भाजपा के पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 11 महीनों के कार्यकाल में शहरों में सफाई, बिजली व्यवस्था सहित विकास के सारे काम ठप हो गये हैं और व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने एलईडी लाईट, स्वच्छता के काम को प्राथमिकता से निकायों तक पहुंचाने का काम किया था, कांग्रेस सरकार ने इन कामों को रोक दिया है। चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस बात का जवाब देना चाहिए कि इन 11 महीनों में कितने लोगों को रोजगार दिया गया है।

### ग्लोबल वॉर्मिंग रोकने के प्रयासों में तेजी न लाए जाने से वैज्ञानिक चिंतित

# गैसों के उत्सर्जन पर लगाम नहीं लगाई तो 2300 तक समुद्र तल 20 फीट तक बढ़ जाएगा

**वॉशिंगटन**। ग्लोबल वॉर्मिंग रोकने के प्रयासों में तेजी न लाए जाने से वैज्ञानिक चिंतित हैं। एक नए अध्ययन में कहा गया है कि तापमान बढ़ने के चलते समुद्री तटरेखा जमीन की तरफ सरकती जा रही है। 21 वीं सदी के अंत तक समुद्र स्तर 1.1 मीटर तक बढ़ जाएगा। अगर धरती का तापमान बढ़ाने वाले कार्बन उत्सर्जन पर लगाम नहीं लगाई गई, 2300 आते-आते समुद्र तल 20 फीट तक बढ़ जाएगा। औद्योगिकीकरण से पहले के वातावरण से तुलना करें तो धरती का तापमान 2 सेल्सियस बढ़ चुका है। द गार्जियन के मुताबिक, शोध में यह भी कहा गया है कि अगर 2015 के पेरिस जलवायु समझौते की शर्तों को तुरंत लागू भी कर दिया जाए, तो इसका पहला नतीजा आते-आते 15 साल लग जाएंगे। शोधकर्ताओं का कहना है कि सभी देशों को 2030 तक सभी देशों को उत्सर्जन कम करने का वादा करना होगा और धरती गर्म करने वाली किसी भी तरह की गैसों के एमिशन पर रोक लगानी होगी। सच्चाई यह है कि बहुत कम देशों ने पेरिस समझौते की शर्तों का पालन किया है।



#### 2015 का पेरिस जलवायु समझौता

समझौते के मुताबिक ग्लेशियरों के पिघलने, समुद्री स्तर में बढ़ोतरी होने के लिए जिम्मेदार जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए गरीब और अमीर देशों को कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके तहत कार्बन और ग्रीन हाउस गैसों का ज्यादा उत्सर्जन करने वाले देशों को अपने उत्सर्जन पर लगाम लगानी थी। साथ ही विकासशील देशों को शुरुआत से ही कम कार्बन उत्सर्जक बनने लायक आर्थिक सहायता और मूलभूत ढांचा मुहैया कराना था।

#### जीवनशैली धरती को बिगाड़ रही

ओरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के जलवायु वैज्ञानिक और अध्ययन के सहलेखक पीटर क्लार्क का कहना है कि पेरिस समझौते के बाद भी सरकारें धरती बचाने के लिए कुछ नहीं कर रहीं। धरती का तापमान बढ़ेगा तो समुद्र तल का स्तर बढ़ेगा। अब तो सदियों के लिए समुद्र तल बढ़ने की समस्या आने वाली है। हमें जल्दी ही कठोर फैसले करने होंगे। क्लार्क यह भी कहते हैं कि हम महंगी जीवनशैली की तरफ बढ़ रहे हैं। इसके लिए दुनिया अरबों डॉलर खर्च कर रही है। लेकिन इसका खामियाजा धरती को भुगतना पड़ रहा है। समुद्र तल बढ़ना एक लंबी प्रक्रिया है।

#### समुद्र जलस्तर को बढ़ने से रोकना चुनौतीपूर्ण होगा

अध्ययन से यह पता चला कि समुद्र जलस्तर को बढ़ने से रोकना सभी देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विभिन्न देशों को समुद्र के निकट मौजूद इन्फ्रास्ट्रक्चर को बचाने के लिए भारी निवेश करना होगा। विश्वभर के तटीय शहरों में पहले ही कई चुनौतियां हैं। हालिया रिसर्च से पता चला है कि कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी नहीं की जाती है तो 2050 में हर साल 30 करोड़ लोगों के घर बाढ़ में डूब जाएंगे। पृथ्वी के गर्म होने से ग्लेशियर और दोनों ध्रुवीय प्रदेशों की बर्फ पिघलेगी और इससे समुद्री जलस्तर बढ़ेगा।

# छत्तीसगढ़ के महानदी में दिखी अनोखी मछली, शरीर पर हैं कांटे ही कांटे

## चार घंटे से अधिक बिना पानी के जीवित रह सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले के डोंगरीडीह महानदी में सोमवार को अनोखी प्रजाति की मछली देखने को मिला। जिससे यह मछली पूरे क्षेत्र में दिनभर कौतूहल बनी रही।

दरअसल सोमवार को गांव के कुछ लोग महानदी स्नान करने गए हुए थे। इसी दौरान ग्राम के छोटेलाल की नजर अचानक उस मछली पर पड़ी और वह उस मछली को पकड़कर घर ले आया। इस अनोखी मछली की गांवभर में जानकारी जुटाने लगा।

लेकिन देर शाम तक यह मछली का नाम नहीं पता चल सका। देखने में यह मछली दूसरी मछली से कुछ अलग ही थी।



#### बिना पानी के चार घंटे जीवित रह सकती है

ग्राम डोंगरीडीह के छात्र नेता छोटेलाल घृतलहरे ने बताया कि यह मछली चार घंटे से अधिक बिना पानी के जीवित रह सकती है। साथ ही देखने में इस मछली के मुंह के नीचे कुछ अलग ही नजर आया और मछली के पूरे शरीर में कांटा ही कांटा नजर आ रहा था। जिससे लोग और भी प्रभावित हुए।

#### ग्रामीणों ने कभी नहीं देखा ऐसा जीव

गांव के कई लोगों का कहना है कि ऐसी प्रजाति के जीव हमने आज तक कहीं नहीं देखा। साथ ही गांव के सभी लोग इस मछली का वास्तविक नाम नहीं मिलने पर अनोखी मछली का नाम दिया।

#### मत्स्य विभाग के सहायक संचालक भी नहीं बताए पाए नाम

इस संबंध में जब जिले के मत्स्य विभाग के सहायक संचालक केके सिंह से मछली का वास्तविक नाम जानना चाहा तो उनके द्वारा भी यह मछली पहली बार देखना बताया। वे भी इस अनोखी मछली का नाम नहीं बता पाए।

## खबर संक्षेप

### 'गुरू नानक जयंती' पर बंद रहा शेयर बाजार

मुंबई। 'गुरू नानक जयंती' के अवसर पर मंगलवार को देश के शेयर बाजारों और विदेशी मुद्रा विनिमय बाजारों में अवकाश रहा। बाजार में रोज की तरह बुधवार को फिर कामकाज शुरू होगा।

### स्वस्ती माइक्रोफाइनैंस को 10 मिलियन डालर के निवेश मिले

नई दिल्ली। स्वस्ती माइक्रोफाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड (स्वस्ती) को आदर पूनावाला, नॉर्डिक माइक्रोफाइनैंस इनीशिएटिव (एनएमआई) और राजीव ददलानी ग्रुप से कुल 10 मिलियन अमेरिकी डालर के निवेश मिले। स्वस्ती ने 2015 में आदर पूनावाला से 10 मिलियन अमेरिकी डालर का फंड प्राप्त किया और पूनावाला ने 2017, 2018 और चालू वर्ष में भी इसमें निवेश किया। 2018 में स्वस्ती ने नॉर्डिक माइक्रोफाइनैंस इनीशिएटिव से फंड प्राप्त किए जिसने चालू राउंड में दुबारा निवेश किया है। इसके अतिरिक्त चालू राउंड में स्वस्ती ने काजल एवं नवीन फबियानी, पटनीज (मुंबई) के निवेश वाहक नलवालाज (दुबई), केन वेंचर (सिंगापुर) के पारिवारिक कार्यालयों और और राजीव ददलानी ग्रुप के नेतृत्व में कार्यरत अन्य एचएनआई से फंड जुटाए। आज की तिथि तक स्वस्ती ने कुल 17 मिलियन डॉलर के फंड प्राप्त किए। शाखा नेटवर्क बढ़ाने के साथ स्वस्ती इस पूंजी से विस्तार और एमएसएमई लोन पोर्टफोलियो बड़ा करेगा और अन्य प्रमुख संस्थानों से साझेदारी कर अन्य वित्तीय सेवाएं देगा जैसे कंज्यूमर फाइनैंस और बीमा।



*द्वितीय तिमाही के दौरान एनडीएमसी को स्कोप कॉर्पोरेट एक्सीलेन्स अवॉर्ड-2019 में इनेवेटिव स्टेक होल्डर्स इंटरफेस अवॉर्ड प्राप्त हुआ। एनडीएमसी को क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित बेस्ट स्पोर्टिंग आग्रेनाइजेश टू क्वालिटी सकल मूवमेंट अवार्ड भी हासिल किया। एनडीएमसी के सीएमडी एन बैजेन्द्र कुमार, आईएएस ने बताया कि ये परिणाम वर्तमान में चुनौतियों का सामना करते हुए असरदार है।*

# आर्सेलर मित्तल दक्षिण अफ्रीका का सालदान्हा संयंत्र बंद करेगी, सुस्ती का असर

## 1,000 कर्मचारी होंगे प्रभावित, कंपनी को उठाना पड़ रहा भारी नुकसान

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

वैश्विक इस्पात बाजार में जारी सुस्ती के असर से दुनिया की सबसे बड़ी इस्पात विनिर्माता कंपनी आर्सेलर मित्तल भी अछूती नहीं रही है। कंपनी की दक्षिण अफ्रीका स्थित इकाई ने कहा है कि भारी वित्तीय नुकसान के चलते वह अपने साल्दान्हा संयंत्र को बंद करेगी। इससे संयंत्र के करीब 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है।

### 60 से अधिक देशों में कारोबार

इस्पात क्षेत्र में लक्ष्मी मित्तल का पूरी दुनिया में बोल बाला है। दुनिया के 60 से अधिक देशों में लक्ष्मी मित्तल की कंपनी का कारोबार फैला है जबकि 18 देशों में उसकी औद्योगिक रूप से मौजूदगी है। कंपनी ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा है कि उसने अपनी रणनीतिक समीक्षा में पाया कि उसके साल्दान्हा परिचालन ने अपनी प्रतिस्पर्धा खो दी है।

### आईस्कोर से किया था अधिग्रहण

आर्सेलर मित्तल की दक्षिण अफ्रीका की इस इकाई का सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईस्कोर से अधिग्रहण किया गया था। यह अधिग्रहण करीब दो दशक पहले हुआ था। मित्तल ने इस कारखाने का कायाकल्प कर लिया था लेकिन पिछले कुछ सालों से इस्पात उद्योग में जारी सुस्ती की वजह से यह कारखाना दबाव में आ गया।

### वैकल्पिक समाधान तलाशा जा रहा

इस बातचीत में दक्षिण अफ्रीका के इस्पात उद्योग में जारी कठिन स्थिति का वैकल्पिक समाधान तलाशने को लेकर हुई है। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने आर्सेलर मित्तल अफ्रीका (एएमएसए) के करीब एक हजार कर्मचारियों को नौकरी से हटाने और सल्दान्हा में कारोबार बंद करने के फैसले को 'निराशाजनक' बताया है।

### निर्यात बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं रह गई

यह संयंत्र लागत के मुताबिक निर्यात बाजार में प्रतिस्पर्धी नहीं रह गया है। इसकी मुख्य वजह कंपनी ने 'कच्चा माल और मूल्य को नियमन दायरे में लाना' बताया है। कंपनी ने कहा है, यह मुश्किल फैसला सरकार, संगठित श्रमिकों सहित विभिन्न पक्षों के साथ जारी रचनात्मक बातचीत के बाद लिया गया।




### समर्थन के बावजूद कंपनी ने उठाया कदम

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग विभाग ने कहा है, 'सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियों द्वारा एएमएसए को पिछले कुछ महीनों के दौरान उल्लेखनीय तौर पर अतिरिक्त समर्थन दिए जाने के बावजूद आर्सेलर मित्तल ने यह कदम उठाया है। ये प्रयास इस दिशा में किए गए थे कि कंपनी में रोजगार का नुकसान नहीं हो और सल्दान्हा संयंत्र भी चलता रहे।'

## कंपनी के सीईओ पर 'गड़बड़ी' का आरोप


# इन्फोसिस के खिलाफ एक और गोपनीय शिकायत सामने आई

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी इन्फोसिस फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। अब एक और गोपनीय पत्र सामने आया है जिसमें कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख के खिलाफ गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए निदेशक मंडल से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अभी कुछ सप्ताह पहले कंपनी के अंदर के ही कर्मचारियों के एक समूह ने इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था जिसकी जांच चल रही है। इसमें कहा गया था कि ये अधिकारी कंपनी की अल्पकालिक वित्तीय रपट चमकाने के लिए खर्चों को कम करके दिखाने के अनुचित कार्य में लिप्त हैं।

- पारेख के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- व्हिसलब्लोअर ने खुद को कर्मचारी बताया

ताजा मामले में 'व्हिसलब्लोअर' ने खुद को कंपनी के वित्त विभाग का कर्मचारी बताया है। इस पत्र में कहा गया है कि वह यह शिकायत 'सर्वसम्मति' से कर रहा है। पहचान नहीं बताने के बारे में पत्र में कहा गया है कि यह मामला काफी 'विस्फोटक' है और उसे आशंका है कि पहचान खुलने पर उसके खिलाफ 'प्रतिशोध' की कार्रवाई की जा सकती है।




### नए सीईओ का पद बेंगलुरु के लिए था

पत्र में कहा गया है कि डॉ. विशाल सिक्का के जाने के बाद कंपनी के नए सीईओ की खोज के लिए अनुबंधित की गई कंपनी ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि यह पद बेंगलुरु के लिए होगा। पारेख को कंपनी में आए एक साल और आठ महीने हो गए हैं, लेकिन अब भी वह मुंबई से कामकाज कर रहे हैं।

**कर्मचारियों के पक्ष में कदम उठाने की थी उम्मीद:** मुझे उम्मीद है कि आप इन्फोसिस की सही भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और कर्मचारियों तथा शेयरधारकों के पक्ष में कदम उठाएंगे। कंपनी के कर्मचारियों और शेयरधारकों में आपको लेकर काफी भरोसा है।

### नए सीईओ के चयन शर्त का उल्लंघन

नए सीईओ का नाम छांटने और उसका चयन करते समय जो मूल शर्त रखी गई थी यह उसका उल्लंघन है। यह शिकायत कंपनी के चेयरमैन, इन्फोसिस के निदेशक मंडल के स्वतंत्र निदेशकों तथा नियुक्ति एवं वेतन समिति (एनआरसी) को संबोधित किया गया है।

### सीईओ हर माह बेंगलुरु से आना जाना करते हैं

शिकायत में कहा गया है, कंपनी के निदेशक मंडल को सीईओ को बेंगलुरु जाने से कहने के लिए कौन रोक रहा है? पत्र में कहा गया है कि सीईओ अभी तक बेंगलुरु से काम नहीं संभाल रहे हैं। ऐसे में वह महीने में कम से कम दो बार बेंगलुरु से मुंबई जाते है।

### परिवहन की लागत 22 लाख बैठती है

इससे उनके विमान किराए तथा स्थानीय परिवहन की लागत 22 लाख रुपए बैठती है। पत्र में कहा गया है, हर महीने चार बिजनेस श्रेणी के टिकट। साथ में मुंबई में घर से हवाई अड्डे तक 'ड्रापिंग' और बेंगलुरु हवाई अड्डे से 'पिकअप'।

### सीईओ पर अनावश्यक यात्रा का आरोप

वापसी यात्रा के दौरान भी ऐसा होता है। यदि सीईओ को बेंगलुरु नहीं भेजा जाता है तो सभी खर्च सीईओ के वेतन से वसूल किया जाना चाहिए। पिछले महीने भी एक गोपनीय समूह ने खुद को कंपनी का कर्मचारी बताते हुए दावा किया था कि पारेख और कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी नीलांजन रॉय अनुचित तरीके के जरिए कंपनी की आमदनी और मुनाफे को बढ़ाकर दिखा रहे हैं।

### कंपनी मामले की जांच कर रही

कंपनी फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है। शिकायत में कहा गया है कि पारेख ने गलत मंशा से बेंगलुरु में किराए पर मकान लिया है, जिससे कंपनी के बोर्ड और संस्थापकों को गुमराह किया जा सके।

### पत्र में तारीख नहीं लिखी है

इस व्हिसलब्लोअर पत्र में तारीख नहीं पड़ी है। इसमें कहा गया है, 'मैं आपका ध्यान कुछ उन तथ्यों की ओर दिलाना चाहता हूं जिनसे मेरी कंपनी में नैतिकता की प्रणाली कमजोर पड़ रही है। कंपनी का कर्मचारी और शेयरधारक होने के नाते मुझे लगता है कि यह मेरा कर्तव्य है कि कंपनी के मौजूदा सीईओ सलिल पारेख द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया जा सके।

# किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता भी बनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कृषि वित्त पर आयोजित 6वीं विश्व कांग्रेस का उद्घाटन कर रही थी वित्त मंत्री सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार किसानों की चिंताओं और ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये उनकी प्रगति के लिये कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने किसानों से ऊर्जा क्षेत्र में योगदान की जरूरत पर जोर देते हुये कहा कि किसानों को 'अन्नदाता' के साथ साथ 'ऊर्जादाता' भी बनने की जरूरत है। वित्त मंत्री यहां ग्रामीण और कृषि वित्त पर आयोजित 6वीं विश्व कांग्रेस का उद्घाटन कर रही थी। इसका आयोजन राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास (नाबार्ड) और एशिया- प्रशांत ग्रामीण कृषि और रिण संघ (एपीआरएसीए) ने मिलकर किया। सीतारमण ने कहा कि सरकार ग्रामीण जीवन और कृषि क्षेत्र पर सामान्य से अधिक निर्भरता को स्वीकार करते हुये कई क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन और जल संबंधी दबाव वाले बिंदुओं पर गौर करने और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने पर भी जोर दिया। वित्त मंत्री ने इस मौके पर किसानों से सौर ऊर्जा क्षेत्र में योगदान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों को पवन ऊर्जा, छतों और बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने जैसे क्षेत्रों में भी आगे आना चाहिये ताकि किसान अन्नदाता के साथ साथ ऊर्जादाता भी बन सकें।

सीतारमण ने इस दौरान नाबार्ड को जम्मू कश्मीर और लद्दाख के किसानों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाने के लिये भी कहा। उन्होंने कहा कि नाबार्ड को इन राज्यों में किसानों की मदद के लिये आगे आना चाहिये ताकि इन राज्यों से केसर, आड़, अखरोट और दूसरे कृषि उत्पादों की सही समय पर खरीद की जा सके। ''मैंने नाबार्ड के चेयरमैन को जम्मू और कश्मीर की यात्रा करने को कहा है ताकि नाबार्ड वहां किसानों को समर्थन दे सके।'' उन्होंने लद्दाख के क्षेत्र में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता भी जताई। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में किसानों को सालाना 6,000 रुपये दिये जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य सरकारें भी अपनी तरफ से किसानों को नकद सहायता उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश का उदाहरण देते हुये कहा कि यहां किसानों को 7,000 रुपये अतिरिक्त मिल रहे हैं इस प्रकार कुल 13,000 रुपये तक की सहायता उपलब्ध हो रही है।



### एसआरएम इंस्टीट्यूट का शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान: ए राजाराजन

कट्टनकुलाथूर( एसआरएम इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 15वें दीक्षांत समारोह के मौके पर छात्र—छात्राओं को मेडल, रैंक और डिग्री का वितरण करते समय 5000 से ज्यादा लोगों को संबोधित करते हुये सतीश धवन स्पेस सेंटर एसएचएआर, इसरो, हरिकोटा के निदेशक श्री ए राजाराजन ने कहा कि चुनौतियों हमेशा आपके सामने रहेंगी, पर क्या आप उन चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार हैं। श्री ए राजाराजन ने कहा कि कठिन परिश्रम और लगन की बदौलत आप बेहतर नतीजे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने अभिभावकों, शिक्षकों और उन सभी लोगों को याद रखें जिन्होंने आपकी जिंदगी में एक बेहतर रोल प्ले किया है।

### कोलकाता में 16वां अन्तर्राष्ट्रीय फूड टेक इंडिया-2019



कोलकता। कोलकता में साईंस सिटी प्रदर्शनी परिसर में 15 से 17 नवंबर-2019 से अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी फूड टेक इंडिया-2019, बेकरी टेक एवं होटल टेक में 150 कंपनियों से अधिक और टॉप ब्रांड भारत एवं विदेश से भाग लेंगी। जो फूड प्रक्रिया और पैकेजिंग से जुड़ी हुई हैं। पश्चिम बंगाल, सरकार में इस क्षेत्र से जुड़े मंत्री अब्दुल रिजाक मोल्लाह इस प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी का आयोजन एनके माथुर एंड कंपनी प्रा. लि. द्वारा किया जाएगा। जिसे इस क्षेत्र विभिन्न संगठनों का सहयोग प्राप्त होगा।

### ईटीएफ में निवेशकों ने अपना मुनाफा काटा

नई दिल्ली। निवेशकों ने अक्टूबर में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेट फंड (ईटीएफ) से लाभ काटने के उद्येश्य से 31 करोड़ रुपए निकाले। इससे पिछले दो माह निवेशकों ने धन लगाने के सुरक्षित विकल्प समझे जाने वाली ईटीएफ यूनिटों में 200 करोड़ रुपए डाले थे। अक्टूबर में निवेशकों ने मुनाफा काटने के लिए गोल्ड ईटीएफ से धन की निकासी की। सितंबर में गोल्ड ईटीएफ में 44.11 करोड़ रुपए और अगस्त में 145.29 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ था और यह पिछले साल नवंबर के इस योजना में पहली बाजार निवेश में कुल मिला कर बढोतरी हुई थी। नवंबर 2018 में शुद्ध निवेश 10 करोड़ रुपए का था।

# दूसरी तिमाही में जीडीपी दर 4.2 फीसदी संभव: एसबीआई

- पहली तिमाही में विकास दर छह साल के निचले स्तर 5 फीसदी पर आ गई थी
- बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.1 से घटाकर 5 फीसदी किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी करके मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4.2 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2019-20 के लिए विकास दर का अनुमान 6.1 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है। इसके लिए बैंक ने ऑटोमोबाइल की घटती सेल, एयर ट्रैफिक मूवमेंट में गिरावट, कोर सेक्टर ग्रोथ सुस्त पड़ना और कंस्ट्रक्शन व इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में गिरावट को जिम्मेदार ठहराया है।

### कई संस्थाएं कम कर चुकी हैं ग्रोथ रेट का अनुमान

एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी), वर्ल्ड बैंक, ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अंतरराष्ट्रीय मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) जैसी संस्थाएं भी भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े कम कर चुकी हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय जीडीपी छह साल के सबसे निचले स्तर 5 फीसदी पर थी।

### मॉनिटरी पॉलिसी में हो सकता है रेट कट

अपनी रिपोर्ट में एसबीआई ने कहा कि दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 4.2 फीसदी रहने का अनुमान है। एसबीआई ने कहा कि फैक्ट्री आउटपुट आठ साल के निचले स्तर पर होना खतरे की स्थिति है। इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आईआईपी) सितंबर माह के लिए -4.3 फीसदी पर रहा। एसबीआई ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि इस बात की उम्मीद की जा रही है कि जीडीपी में स्लोडाउन को देखते हुए रिजर्व बैंक दिसंबर में मॉनिटरी पॉलिसी में रेट कम कर सकता है।

### भारत में वोडाफोन का भविष्य अधर में : सीईओ

नई दिल्ली। वोडाफोन ने कहा है कि भारत में उसका भविष्य तबतक अधर में रहेगा जबतक सरकार ऑपरेटरों पर ज्यादा टैक्स और चार्ज लगाती रहेगी। उसका इशारा सरकार की तरफ से लगाई गई लाइसेंस फी और स्पेक्ट्रम यूजेज चार्ज की तरफ था। वोडाफोन के सीईओ निक रीड ने कहा, असहयोगी रेग्युलेशन और बहुत ज्यादा टैक्स की वजह से वित्तीय तौर पर हम पर बहुत बड़ा बोझ है। इन सबसे ऊपर सुप्रीम कोर्ट में भी हमारे अनुकूल फैसला नहीं आया। सरकार ने वोडाफोन-आइडिया पर लाइसेंस फी और स्पेक्ट्रम यूजेज चार्ज के तौर पर करीब 40,000 करोड़ रुपए चुकाने को कहा था। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा है। भारत में टेलिकॉम ऑपरेटरों के भविष्य पर टिप्पणी करते हुए वोडाफोन के सीईओ ने कहा, यह कहना सही होगा कि स्थिति नाजुक है। पिछले महीने इस ब्रिटिश ऑपरेटर ने स्पष्ट किया था कि वह इंडियन मार्केट में निवेश करना जारी रखेगा।

PUBLIC NOTICE FOR LOSS OF SHARE CERTIFICATE(S)
Notice is hereby given that the following share certificate(s) of **Glaxo SmithKline Consumer Health Care Ltd.** has/have been reported lost/ misplaced and has/have applied to the company for the issue of duplicate share Certificate. Name of the holder/ purchaser(s) Bhopindar Singh & Lt. Amarjit Kaur, Folio No. B02194, Share Certificate(s) Nos. 87166, Distinctive Nos. 677030-677079, No. of shares 50.
Any person(s) who has/have any claim in respect of the said certificate(s) should lodge such claim(s) with the share department of the Company at its Regd. Office as per address given below within 15 days of the publication of this NOTICE. After which no claim will be entertained and the company will proceed to issue the duplicate share certificate(s).
Regd. Office: Patiala Road, Nabha, Distt. Patiala Nabha Punjab 147201
Name of the Shareholder/s Bhopindar Singh & Lt. Amarjit Kaur
Place: Delhi
Date: 13/11/2019

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष
भारत के नं. 1 पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

ज्योतिष
हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

ज्योतिष
तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गरांटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतल व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

चिकित्सा
बॉडी बनाएं
कोर्स मात्र 650/- महीना
फायदा न होने पर पैसे वापस
कद बढ़ाए
छोटा कद होने से अगर आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो आज ही हमारी आयुर्वेदिक दवा लें और कद बढ़ाए।
कोर्स 1000/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉमप्लैक्स, दुकान न.22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055, 4310066

चिकित्सा
शराब छुडवाये हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
बाबा बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9068531853

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं0 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि। हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

लोन
☞ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

टावर
☞ GOVT APPROVED COMPANY द्वारा अपनी खाली जमीन छत प्लांट पर मल्टीमीडिया टावर लगवाये 40 लाख एडवास 25000 किराया कोर्ट एगीर्मेन्ट email Hindustantawer31@gmail.com 7381258744

☞ महालक्ष्मी टावर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टावर लगवायें आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टावर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, प्लाट पर, 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट, 2 लोगों को नौकरी, सम्पर्क करें 9548973844, धोखेबाजों से सावधान।

लोन
☞ सभी योजनाओं के अंतर्गत भारतीय फाइनेंस मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, एग्रीकल्चर लघुउद्योग व समस्त लोन 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं विद्यार्थियों व फौजी भाइयों को विशेष छूट 074296-81655, 074296-79558

लोन
☞ Mittal India Finance कम्पनी देश की नम्बर-1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज, 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएँ, विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान वाट्सऐप नं. 63976-88983

## खबर संक्षेप



### कीनिया के धावक पर डोपिंग के लिए प्रतिबंध

**पेरिस।** हाफ मैराथन में पूर्व विश्व रिकार्डधारक कीनियाई धावक अब्राहम किप्टुमहास पर डोपिंग के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध किप्टुमहास के जैविक पासपोर्ट में आ रही अनिमियतताओं के बाद लगाया गया है। जैविक पासपोर्ट का उपयोग संभावित डोपिंग का पता लगाने के लिये किया जाता है। 'एथलेटिक्स इंटेग्रिटी यूनिट' ने कहा विश्व एथलेटिक्स अनुशासन पंचाट ने लंबी दूरी के धावक को चार साल के लिये प्रतिबंधित किया है जो 28 अप्रैल 2019 से लागू होगा। पंचाट ने 30 वर्षीय किप्टुमहास पर रक्त डोपिंग का संदेह जताया था लेकिन एथलीट ने किसी भी तरह की डोपिंग का खंडन किया था।

### आईओसीएल ने बेटन कप फिर जीता

**कोलकाता।** इंडियन आइल कारपोरेशन लिमिटेड ने पंजाब नेशनल बैंक को 2-0 से हराकर अखिल भारतीय बेटन कप हाकी टूर्नामेंट जीत लिया। आईओसीएल के लिये दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में कारजविंदर सिंह और गुरजिंदर सिंह ने दागे। पिछली बार आईओसीए ने ओएनजीसी को हराकर खिताब जीता था।

### वॉटसन 'एसीए' के अध्यक्ष नियुक्त



**सिडनी।** पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को 'ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन' (एसीए) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उन्होंने कहा कि इससे उन्हें खेल की सेवा करने में मदद मिलेगी। यह नियुक्ति एसीए की सोमवार की रात हुई वार्षिक आम सभा में की गई। वॉटसन ने कहा मुझे उन लोगों के अहम कार्यों को आगे बढ़ाना है जिन्होंने इससे पहले यह भूमिका निभाई थी। मैं यह मौका मिलने से बेहद उत्साहित हूं। इससे मुझे उस खेल को वापस कुछ देने में मदद मिलेगी जिसने मुझे इतना कुछ दिया है।

### चाहर की हैट्रिक, फिर भी राजस्थान हारा

**तिरूवनंतपुरम।** मध्यम गति के गेंदबाज दीपक चाहर ने राजस्थान के लिये सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में हैट्रिक हासिल की लेकिन वह अपनी टीम को विदर्भ के हाथों मिली हार से नहीं बचा सके। दीपक चाहर ने एक ओवर में चार विकेट चटकाये लेकिन यह प्रदर्शन राजस्थान के लिये काम नहीं आ सका और टीम एक रन से हार गई। दीपक चाहर रविवार को भारत के लिये (सात रन देकर छह विकेट) टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। बारिश से कारण 13 ओवर के हुए मैच में आठ विकेट पर 105 रन बनाकर वीजेडी प्रणाली से एक रन से हार गयी।

### सौरभ हांगकांग ओपन के मुख्य ड्रा में



**हांगकांग।** भारतीय शटलर सौरभ वर्मा ने मंगलवार को दो क्वालीफाईंग मुकाबलों में सीधे गेम में जीत दर्ज करके हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। सौरभ ने पहले थाईलैंड के तानोंगसाक सीसोमबूनसुक को 21-15, 21-19 से और फिर फ्रांस के लुकास क्लेरबोट को 21-19, 21-19 से हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनायी। मुख्य ड्रा के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे जिसमें पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत, बी साई प्रणीत, समीर वर्मा, एच एस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप भी भाग लेंगे।

---

## शूटिंग : भारतीय निशानेबाजों ने साधा सटीक निशाना

# ऐश्वर्य, अंगद और मेराज ने किया कमाल ओलंपिक कोटा में भारत ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| दोहा

अंगद वीर सिंह बाजवा और मेराज अहमद ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए जबकि युवा निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रविवार को यहां 14वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत को तीन ओलिंपिक कोटे दिलाए।

■ तोक्यो ओलिंपिक 2020 के लिए निशानेबाजों ने दिलाया 15 कोटा

इन निशानेबाजों के मेडलों से तोक्यो ओलिंपिक 2020 के लिए भारतीय निशानेबाजों ने अब तक रेकॉर्ड 15 कोटे हासिल कर लिए। लंदन ओलिंपिक 2012 में भारत के 11 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था जबकि रियो ओलिंपिक 2016 में 12 भारतीय निशानेबाज उतरे थे।

### अंगद-मेराज में फैसला शूटऑफ से हुआ

यहां लुसैन निशानेबाजी परिसर में स्कीट स्पर्धा के फाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ी 56 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूटऑफ से हुआ। अंगद ने शूटऑफ में मेराज को 6-5 से पछाड़ा।



### कोरिया ने स्वर्ण चीन ने जीता सिल्वर मेडल

*कोरिया के किम जोंगयुन (459.9) ने स्वर्ण ओर चीन के झोंगहाओ झाओ (459.1) ने सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले किशोर निशानेबाज तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत को निशानेबाजी में 13वां ओलिंपिक कोटा दिलाया था। तोमर ने आठ पुरुषों के फाइनल में 449.1 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया।*

### मनु-अभिषेक ने जीता गोल्ड मेडल

टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के क्रम को जारी रखते हुए मनु भाकर एवं अभिषेक वर्मा की जोड़ी ने सौरभ चौधरी एवं यशस्विनि सिंह देशवाल की जोड़ी को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में 16-10 से हराकर स्वर्ण मेडल अपने नाम किया।

### तोमर कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय

मध्यप्रदेश के खरगौन के रहने वाले किशोर तोमर ने जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में राइफल थ्री पोजीशन में जूनियर वर्ग में विश्व रेकॉर्ड बनाया था। तोमर थ्री पोजीशन में संजीव राजपूत के बाद कोटा हासिल करने वाले दूसरे भारतीय निशानेबाज हैं।

### राइफल महासंघ अध्यक्ष ने दी बधाई

भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ के अध्यक्ष रनिंदर सिंह ने ट्वीट किया, 'पंद्रह कोटा काफी खास है। शाबाश अंगद और मेराज स्कीट में स्कीट में पहले दो स्थानों पर रहे, आप दोनों पर गर्व है। भारतीय टीम ऐसे भी आगे बढ़ते रहे, मैंने जितना सोचा था हमने उससे एक कोटा अधिक हासिल कर लिया है।'

---

## बाबर में कोहली, स्मिथ की बराबरी करने की क्षमता : हसी



एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी को लगता है कि पाकिस्तान के बाबर आजम बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं और उनमें विराट कोहली और स्टीव स्मिथ की बराबरी करने की क्षमता है। बाबर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खत्म हुई टी-20 सीरीज में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए थे और अब उनकी कोशिश टेस्ट सीरीज में भी इस फॉर्म को बरकरार रखने की होगी।

### अपने अंदर सुधार करना जरूरी

हसी को लगता है कि अगर बाबर अपने अंदर सुधार करते हैं तो वह कोहली, स्मिथ और केन विलियम्सन की फेहरिस्त में शामिल हो सकते हैं। हसी ने कहा कि मुझे ईमानदारी से लगता है कि जब हम विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की बात करते हैं तो बाबर में वो क्षमता है कि वह अपना नाम इस सूची में ला सकें। हम कोहली, स्मिथ, विलियम्सन और जो रूट की बातें करते हैं।

---

## अधिक से अधिक मैच जीतने हमें ज्यादा गोल करने होंगे : गुरप्रीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबाल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू का मानना है कि शीर्ष स्तर के मुकाबलों में अधिक जीत दर्ज करने के लिए टीम को नियमित अंतराल पर गोल करने होंगे।

फीफा विश्प कप 2022 क्वालीफकेशन में एशियाई चैम्पियन कतर को गोलरहित ड्रा पर रोक कर सुर्खियां बटोरने वाली भारतीय टीम अपने से कम रैंकिंग वाली बांग्लादेश के खिलाफ दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकी। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम ने 1-1 से ड्रा खेला था। क्वालीफायर्स में पहली जीत का इंतजार कर रही भारतीय टीम 14 नवंबर को अफगानिस्तान और 19 नवंबर को ओमान के खिलाफ खेलेगी।

### कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत

गुरप्रीत ने कहा कि हम ने ऐसी टीम की पहचान बनायी है जिसे हराना मुश्किल है। हमें हालांकि कुछ क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए टीम को नियमित तौर पर गोल करने होंगे। भारतीय गोलकीपर ने कहा कि हमारे लिए दोनों मैच मुश्किल होंगे। ओमान की टीम काफी दमदार है और उनके पास शानदार खिलाड़ी हैं।



### दोनों मैचों में दिखाना होगा दमखम

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने अफगानिस्तान और ओमान के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा किया है और गुरप्रीत ने भी माना कि टीम को आगे बढ़ने के लिए इन दो मैचों में अच्छा करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ हमें ताजिकिस्तान में खेलना है जहां परिस्थितियां हमारे अनुकूल नहीं होंगी। हमें इन मुकाबलों से कुछ हासिल करने के लिए दमदार खेल दिखाना होगा।

**कोच स्टिमक के आने से टीम मजबूत हुई :** गुरप्रीत ने टीम में नये खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए कोच इगोर स्टिमक की तारीफ की। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों के आने से टीम मजबूत हुई है। समय के साथ ये खिलाड़ी और बेहतर होंगे।

---

### पोलार्ड की चालाकी देख दर्शक हंसे, अंपायर को बदलना पड़ा 'नो-बॉल' का फैसला

**लखनऊ।** वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंड कायरन पोलार्ड लंबे-लंबे छक्के जड़ने के अलावा अपने खास ह्यूमर के लिए जाने जाते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सोमवार को खेले गए वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी कुछ ऐसा हुआ कि दर्शक तो दर्शक अंपायर भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। बात सिर्फ इतनी सी नहीं है। पोलार्ड अपनी टीम के लिए एक रन तो बचाया ही साथ ही अंपायर को अपना फैसला बदलने पर मजबूर भी कर दिया। रिप्ले में भी दिख रहा था कि पोलार्ड की पैर क्रीज से बाहर था। पलक झपकते हुआ पूरा वाकया दरअसल, कप्तान पोलार्ड 25वां ओवर करने आए। सामने असगर अफगान 9 रन पर बैटिंग कर रहे थे। पहली गेंद फेंकने के लिए उन्होंने रेस लगाई और ऐक्शन भी वैसा ही किया, लेकिन गेंद हाथ से छोड़ी ही नहीं। गेंद डेड बॉल करार दी गई। यहां रोचक बात यह हुई कि जब पोलार्ड गेंद करने के लिए आगे बढ़े तो उनका फ्रंट फुट क्रीज से बाहर चला गया था और गेंद नो-बॉल थी। इसी वक्त फील्ड अंपायर ने जोर से चिल्लाकर नो-बॉल कहा। पोलार्ड ने आवाज सुनते ही अपना हाथ रोक लिया और गेंद नहीं फेंकी।

---

## नडाल एटीपी फाइनल्स के पहले मैच में जेवरेव से हारे

एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जबकि स्टीफेनोस सिटसिपास ने भी शानदार शुरुआत की। अपने करियर में अब तक इस टूर्नामेंट को जीतने में नाकाम रहे नडाल चोट से उबरने के बाद यहां कोर्ट पर उतरे, लेकिन जेवरेव ने सोमवार को खेले गए मैच में उन्हें 6-2, 6-4 से करारी शिकस्त दी।

■ नंबर-1 के ताज पर मंडरा रहा खतरा



### नंबर एक बचाए रखने मैच महत्वपूर्ण

आंद्रे अगासी ग्रुप में ही इससे पहले खेले गए राउंड रोबिन मैच में छठी वरीयता प्राप्त सिटसिपास ने डेनिल मेदवेदेव को 7-6 (7/5), 6-4 से हराया। नडाल के लिए टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें हार से वह नोवाक जोकोविच के हाथों अपना नंबर एक स्थान गंवा सकते हैं।

### नडाल शुरू से नहीं दिखे लय में

जर्मनी के जेवरेव के खिलाफ इस मैच से पहले उनका रेकॉर्ड 5-0 था लेकिन वह शुरू से ही लय में नहीं दिखे। जोकोविच ने रविवार को मैटियो बेरेटिनी के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने छठे एटीपी फाइनल्स खिताब की शानदार शुरुआत की, लेकिन रोजर फेडरर को डोमिनिक थीम के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।

---

## पुजारा बोले- डे-नाइट में सूर्यास्त के समय हो सकती है दिक्कत



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

शीर्ष बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि भारत और बांग्लादेश के बीच इस महीने के आखिर में कोलकाता में होने वाले डे-नाइट टेस्ट मैच के दौरान 'सूर्यास्त के समय दृश्यता' का मसला हो सकता है।

भारत और बांग्लादेश के बीच ईडन गार्डंस में 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के दौरान पहली बार भारत में गुलाबी गेंद का उपयोग किया जाएगा। दोनों टीमें पहली बार डे-नाइट टेस्ट मैच में खेलेंगी और एसजी की गुलाबी गेंद भी पहली बार आधिकारिक तौर पर उपयोग की जाएगी।

### सूर्यास्त में दूधिया रोशनी से दिक्कत

पुजारा ने कहा कि दिन के समय रोशनी की दिक्कत नहीं होगी, लेकिन सूर्यास्त के समय और दूधिया रोशनी में यह मसला हो सकता है। सूर्यास्त के समय का सत्र बेहद अहम होगा। उन्होंने कहा, 'मेरा बल्लेबाज के तौर पर निजी अनुभव तो अच्छा रहा था, लेकिन मैंने जब वहां पर अन्य खिलाड़ियों से बात की तो उनका कहना था कि लेग स्पिनर को खेलना विशेषकर उनकी गुगली को समझना मुश्किल था।'

### इंदौर के होलकर स्टेडियम में अजेय रहा है भारत

**इंदौर।** बांग्लादेश पर टी20 श्रृंखला में भारत की 2-1 से जीत के बाद क्रिकेटप्रेमियों की निगाहें यहां होलकर स्टेडियम में बृहस्पतिवार 14 नवंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच पर टिक गयी हैं जिसमें दोनों टीमें फिर आमने-सामने होंगी। इस स्टेडियम का कोई डेढ़ दशक पुराना रिकॉर्ड भारत के पक्ष में रहा है और मेजबान टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में इसके मैदान पर अजेय रही है। इन सबके बावजूद भारत भी बांग्लादेश को कम नहीं आंक रहा है

#### यहां अब तक नहीं जीत पाई मेहमान टीम

मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के करीब 27,000 दर्शकों की क्षमता वाले होलकर स्टेडियम में वर्ष 2006 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक टेस्ट मैच, एक टी20 मुकाबला और पांच एक दिवसीय मैच आयोजित किये गये हैं। सभी सात भिड़ंतों में भारत ने विपक्षी टीमों पर विजय हासिल की है।

#### डे-नाइट टेस्ट के लिए अभ्यास महत्वपूर्ण

एक अन्य सीनियर खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे ने कहा कि जहां तक परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का सवाल है तो मैच से पहले अभ्यास काफी महत्वपूर्ण होगा। रहाणे ने कहा, 'मैं इसको लेकर काफी रोमांचित हूं। यह एक नयी चुनौती होगी। अभी पता नहीं कि चीजें कैसे आगे बढ़ेंगी। यह मैच खेलने पर ही पता चलेगा। मैच से पहले दो तीन अभ्यास सत्र से हमें गुलाबी गेंद के बारे में सही तरीके से पता चल जाएगा कि यह कितनी स्विंग करती है और सत्र दर सत्र उसमें क्या बदलाव आते हैं।

---

## लोढ़ा समिति के सचिव गोपाल शंकर नारायणन ने कहा

# बीसीसीआई का संशोधित संविधान में बदलाव करना सुप्रीम कोर्ट का उपहास होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई का नया संविधान तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले लोढ़ा समिति के सचिव गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर किए गए सुधारों में बदलाव करने की बोर्ड की योजना देश की सर्वोच्च न्यायिक सत्ता का उपहास होगा।

■ संशोधित संविधान में बदलाव का प्रस्ताव नए सचिव जय शाह ने किया

शंकरनारायणन का मानना है कि उच्चतम न्यायालय की अब भी इस मामले में भूमिका है और उसे उचित कदम उठाने चाहिए अन्यथा बीसीसीआई के प्रशासनिक ढांचे में सुधार करने के उसके सारे प्रयास बेकार चले जाएंगे। ज्ञात हो कि संशोधित संविधान में बदलाव का प्रस्ताव शनिवार को सामने आया जब बीसीसीआई के नए सचिव जय शाह ने बोर्ड की एक दिसंबर को मुंबई में होने वाली वार्षिक आम बैठक के लिए एजेंडा तैयार किया।

### सुप्रीम कोर्ट भी आंशिक रूप से जिम्मेदार

सुधारों का खाका तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले शंकरनारायणन का हालांकि मानना है कि शीर्ष अदालत भी वर्तमान स्थिति के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार है, क्योंकि उसने सुधारों को कमजोर करने में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'अगर संशोधन सर्वसम्मत हैं तो इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। मेरे विचार में अदालत की भी भूमिका होगी क्योंकि अदालत की इस सब में भूमिका रही है। यह विशिष्ट था जब प्रारंभिक सुधारों को (2016 में) मंजूरी दी गई। इसके बाद पिछले साल प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा तैयार और प्रस्तुत किए गए संविधान को मंजूरी दी गई।



### सुको ने नहीं रोका संशोधन करने से

शंकरनारायणन ने कहा कि वे संभवतः इस पर यह तर्क देने की कोशिश कर सकते हैं कि देखो, उच्चतम न्यायालय ने हमें अपने खुद के संविधान में संशोधन करने से नहीं रोका था, इसलिए हम इसमें संशोधन करने और हर तरह के बदलाव करने में सक्षम हैं। यह चीजों को देखने का संकीर्ण तरीका है।

### क्या हैं प्रमुख संशोधन

सबसे प्रमुख संशोधनों में पदाधिकारियों के लिए विश्राम की अवधि (कूलिंग ऑफ पीरियड) से जुड़े नियमों को बदलना, अयोग्यता से जुड़े विभिन्न मानदंडों को शिथिल करना और संविधान में बदलाव करने के लिए उच्चतम न्यायालय से मंजूरी लेने की जरूरत को समाप्त करना शामिल हैं।

### ये लोग शामिल थे समिति में

शंकरनारायणन लोढ़ा समिति के सचिव थे जिसे सुप्रीम कोर्ट ने देश के क्रिकेट प्रशासन में सुधार करने के लिए 2015 में नियुक्त किया था। पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढ़ा इस समिति के अध्यक्ष थे जिसमें सुको के पूर्व न्यायधीश आरवी रवींद्रन और अशोक भान भी शामिल थे। शंकरनारायणन ने कहा, 'इसका मतलब होगा कि जहां तक क्रिकेट प्रशासन और सुधारों की बात है तो फिर से पुराने ढर्रे पर लौट जाना। अधिकतर महत्वपूर्ण बदलावों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।'

---

## गोलकीपिंग, ड्रैग फ्लिक के लिए तीन दिवसीय शिविर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु हाकी संघ ने खिलाड़ियों के लिये तीन दिवसीय गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिक कोचिंग शिविर का आयोजन किया है। ये दोनों अनुभवी खिलाड़ी उन्हें हाकी इंडिया राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से पहले कोचिंग देंगे।

एक विज्ञप्ति के अनुसार शिविर में 40 गोलकीपरों समेत 100 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इसमें फोकस फिटनेस, गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिक पर होगा। तमिलनाडु के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और ओलंपियन रूपिंदर पाल सिंह बात करेंगे।

## अयोध्या मामला: हिंदू महासभा ने पीएम को लिखी चिट्ठी

# मारे गए कार सेवकों को मिले 'शहीद' का दर्जा

**गृहमंत्री शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र भेजा**

**नई दिल्ली।** अयोध्या जमीनी विवाद मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के 72 घंटे बाद अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बाबरी मस्जिद को गिराने को लेकर कारसेवकों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों को वापस लिए जाने की मांग की है। संगठन ने 1992 में मारे गए कार सेवकों को 'शहीद' का दर्जा दिए जाने की मांग भी की है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने गृहमंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र भेजा है। 12 नवंबर को लिखे गए पत्र में कहा है कि जब यह स्पष्ट हो गया है कि रामलला का मंदिर क्षेत्र (अयोध्या में) निर्विवादित है, तो यह भी स्पष्ट हो गया है कि इसके ऊपर बना गुंबद किसी मंदिर का गुंबद था, किसी काल्पनिक बाबरी मस्जिद का नहीं। इस वजह से बाबरी मस्जिद को गिराने का आपराधिक मामला राम के उपासकों द्वारा अनजाने में किया गया कार्य था, जिन्होंने अनजाने में मंदिर के शिखर को गिरा दिया। मैं सरकार से उन लोगों के खिलाफ लंबित मामलों को वापस लेने व मामलों को खत्म करने का आग्रह करता हूं।



### विहिप मॉडल और ट्रस्ट के स्वरूप पर समझौता नहीं करेगा

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए केंद्र जल्द ही ट्रस्ट का गठन करेगा। यही ट्रस्ट मंदिर का संचालन भी करेगा। केंद्र ट्रस्ट के जरिए सौहार्द और अनेकता में एकता का संदेश देने पर विचार कर रही है। लेकिन, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) यह हिंदू आस्था के साथ समझौता करना नहीं चाहती। विहिप ने बेहद सतर्क लहजे में कहा कि राम मंदिर का मॉडल और चित्र तैयार हैं। ट्रस्ट को लेकर हमारी सोच भी जगजाहिर है और हमें*

### फैसला देने वाले न्यायाधीशों को आभार जाहिर करने के लिए चिट्ठी लिखेंगी

**राम मंदिर बनने के इंतजार में 27 साल पहले उर्मिला ने त्याग दिया था अन्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



राजनीति से इतर एक शख्सियत ऐसी भी है जिनकी आस्था भगवान राम पर चट्टान की तरह अडिग थी। इच्छा शक्ति इतनी मजबूत कि उनके संकल्प को कोई तोड़ नहीं सका। ये हैं 81 साल की उर्मिला चतुर्वेदी। जो 27 साल से मंदिर बनाने का इंतजार कर रही थीं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने अयोध्या में राम मंदिर बनने के सपने को पूरा कर दिया। इतने दिन मंदिर निर्माण के इंतजार में उर्मिला ने अन्न त्याग कर रखा था। वो सिर्फ फल, दूध का सेवन कर रही थीं। विजय नगर निवासी बुजुर्ग महिला किसी भी राजनीतिक दल से नहीं हैं। वे कहती हैं कि 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा तोड़ा गया। खूब खून-खराबा हुआ। हिंदू-मुस्लिम सौहार्द बिगड़ा। कई जानें गईं। ये सब देखकर बहुत दुख हुआ।

**वित्तमंत्री सीतारमण ने की अपील**

# किसानों के लाभ के लिये मंडी समितियों को छोड़ कर ई-नाम अपनाएं राज्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि राज्यों को कृषि क्रय बाजार समितियों (एपीएमसी) को छोड़ कर इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट (ई-नाम) को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि किसानों को उनके उत्पादों की बेहतर कीमत मिल सके। उन्होंने यहां राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार ई-नाम को बढ़ावा दे रही है और कई राज्य सरकारें इसे अपने स्तर पर बढ़ावा देने को सहमत हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि राज्य एपीमीसी को छोड़े।

**राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा**



### इलेक्ट्रानिक मंच पर अंतरराज्यीय व्यापार की सुविधा प्रदान करने के लिए आपस में हाथ मिलाया

उन्होंने कहा कि हम राज्यों से बातें कर रहे हैं कि वे एपीएमसी को भंग कर किसानों के लिये ई-अपनायें। इस समय देश में आठ राज्यों की 21 ई-नाम ई-नाम ने कृषि जिंसों की इलेक्ट्रानिक मंच पर अंतरराज्यीय व्यापार की सुविधा प्रदान करने के लिए आपस में हाथ मिलाया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की ई-नाम शामिल हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि उन्होंने बजट में 10 हजार किसान उत्पादक संगठन बनाने की घोषणा की थी।

### किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता भी बनें: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार किसानों की चिंताओं और ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये उनकी प्रगति के लिये कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने किसानों से ऊर्जा क्षेत्र में योगदान की जरूरत पर जोर देते हुये कहा कि किसानों को 'अन्नदाता' के साथ साथ 'ऊर्जादाता' भी बनने की जरूरत है। वित्त मंत्री यहां ग्रामीण और कृषि वित्त पर आयोजित 6वीं विश्व कांग्रेस का उद्घाटन कर रही थी। इसका आयोजन राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास (नाबार्ड) और एशिया- प्रशांत ग्रामीण कृषि और रिण संघ (एपीआरएसीए) ने मिलकर किया। सीतारमण ने कहा कि सरकार ग्रामीण जीवन और कृषि क्षेत्र पर सामान्य से अधिक निर्भरता को स्वीकार करते हुये कई क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन और जल संबंधी दबाव वाले बिंदुओं पर गौर करने और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने पर भी जोर दिया। वित्त मंत्री ने इस मौके पर किसानों से सौर ऊर्जा क्षेत्र में योगदान करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों को पवन ऊर्जा, छतों और बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने जैसे क्षेत्रों में भी आगे आना चाहिये ताकि किसान अन्नदाता के साथ साथ ऊर्जादाता भी बन सकें। सीतारमण ने इस दौरान नाबार्ड को जम्मू कश्मीर और लद्दाख के किसानों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाने के लिये भी कहा।

## खबर संक्षेप

### थाईलैंड की कोर्ट में गोलीबारी, दो वकील एवं एक बंदूकधारी की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड में मंगलवार को उत्तराधिकार विवाद से संबंधित सुनवाई के दौरान अदालत कक्ष में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी जिसमें दो अधिवक्ता शामिल हैं। चंथाबुरी की प्रांतीय अदालत में एक विवाद पर जारी सुनवाई के दौरान बंदूकधारी ने अदालत में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

### सऊदी अरब में लाइव शो के दौरान तीन कलाकारों पर चाकू से हमला

**रियाद।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में लाइव शो के दौरान एक यमनी नागरिक ने तीन कलाकारों पर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। सऊदी की आधिकारिक समाचार एजेंसी ने सोमवार को पुलिस प्रवक्ता के हवाले से कहा कि सुरक्षा बलों ने उससे निपट लिया। लाइव शो के दौरान थिएटर ग्रुप के दो पुरुषों और एक महिला पर हमला हुआ था।

### हवाई हमलों में मारा गया इस्लामिक जिहाद समूह का कमांडर

**यरूशलम/गाजा।** इज़राइल के सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 'इस्लामिक जिहाद' समूह के एक कमांडर को मार गिराया। इस हमले के बाद गाजा पट्टी से जवाबी हमले हुए जिसके कारण इज़राइल के प्रमुख इलाके बंद करने पड़े और क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। इज़राइल डिफेंस फोर्सेज और इज़राइल की आतंरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने संयुक्त वक्तव्य में घोषणा की कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से मंजूर किए गए एक अभियान के तहत तड़के साढ़े चार बजे निशाना बनाकर किए।

## पाक आतंकवादियों को शरण देता है, जो अमेरिकी सैनिकों को मारने का प्रयास करते हैं: निक्की हेली

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



- भारतीय मूल की अमेरिकी निक्की हेली अपनी पुस्तक में किया जिक्र
- पुस्तक का नाम 'विद आल ड्यू रिस्पेक्ट: डिफेंडिंग अमेरिका विद ग्रिट एंड ग्रेस'

संयुक्त राष्ट्र के लिए अमेरिका की पूर्व दूत निक्की हेली ने कहा है कि पाकिस्तान उन आतंकवादियों को शरण देता है जो अमेरिकी सैनिकों को मारने का प्रयास करते हैं। हेली की पुस्तक 'विद आल ड्यू रिस्पेक्ट: डिफेंडिंग अमेरिका विद ग्रिट एंड ग्रेस' मंगलवार को बाजार में आयी। भारतीय मूल की अमेरिकी निक्की हेली ने इस पुस्तक में लिखा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तब नाराज हुए जब उन्होंने उन्हें अपना यह निष्कर्ष सौंपा कि अमेरिकी सहायता प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल होने के बावजूद पाकिस्तान ने न केवल संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ वोट किया बल्कि आतंकवादियों को शरण भी दी। हेली ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि हमने पाकिस्तान को अन्य देशों की तुलना में अधिक सहायता दी। 2017 में अमेरिका ने उसकी सेना को करीब एक अरब अमेरिकी डालर की सहायता दी। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में पूरे 76 प्रतिशत समय हमारा विरोध करता है। सबसे बुरा यह है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को शरण देता है जो हमारे अमेरिकी सैनिकों को मारने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इन निष्कर्षों एवं अन्य चीजों से राष्ट्रपति ट्रंप को अवगत कराया। वह नाराज हुए। उसके तुरंत बाद उन्होंने कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने के लिए एक विधेयक पारित करने के लिए कहा कि अमेरिकी विदेशी सहायता केवल अमेरिकी हितों और अमेरिका के मित्रों को बढ़ावा देने के लिए दी जाए। उन्होंने कहा कि मानवीय सहायता अमेरिका के लिए हमेशा ही एक प्राथमिकता रहेगी।

## कश्मीर में रेल सेवाएं बहाल




श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म किए जाने के करीब तीन महीने बाद कश्मीर में रेल सेवाएं मंगलवार को बहाल कर दी गई। बतवारा-बटमालू मार्ग के बीच कई मार्गों पर मिनी बसें भी चलती नजर आई जबकि अंतरजिला कैब और ऑटो रिक्शा भी घाटी में अन्य स्थानों पर सड़कों पर नजर आए।

## चीन के किंडरगार्टन में रसायन से हमला, 51 बच्चे झुलसे

**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में एक किंडरगार्टन स्कूल में जबरन घुसकर एक व्यक्ति ने छात्रों पर हानिकारक रसायन से हमला किया जिसके कारण 51 बच्चों सहित कम से कम 54 लोग जल गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने अधिकारियों के माध्यम से बताया कि घटना सोमवार को कैयुआन शहर में हुई जब कोंग उपनाम वाला 23 वर्षीय व्यक्ति किंडरगार्टन पहुँच गया और उसने छात्रों पर कास्टिक सोडा (सोडियम हायड्रोक्साइड) रसायन छिड़क दिया। इस हमले में तीन अध्यापक और 51 बच्चे झुलस गए जिन्हें उपचार के लिए कैयुआन के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने कैयुआन म्युनिसिपल सरकार के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि दो बच्चों की हालत गंभीर है। रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय समयानुसार शाम 3.35 बजे व्यक्ति डोंगचेंग किंडरगार्टन में दीवार फांद कर पहुँच गया और बच्चों पर सोडियम हाइड्रोक्साइड छिड़ककर हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमलावर को घटना के चालीस मिनट बाद हिरासत में ले लिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि आरंभिक जाँच में यह पाया गया है कि हमलावर व्यक्ति समाज से बदला लेना चाहता था।

## बांग्लादेश ट्रेन हादसे में 16 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश के ब्रह्मनबरिया जिले में मंगलवार को दो ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और अन्य 60 लोग घायल हो गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हादसा आज तड़के मन्दोबाग स्टेशन पर उस समय हुआ जब चटगांव जा रही उद्यान एक्सप्रेस की, पटरी बदलते समय ढाका जा रही तुर्ना निशिता ट्रेन से टक्कर हो गई। प्रवक्ता ने कहा कि बचाव कार्य लगभग पूरा हो गया है। रेल मंत्री नरूल इस्लाम सूजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बचाव अभियान का मुआयना करने घटनास्थल पर पहुंचे थे। 'ढाका ट्रिब्यून' ने अपनी रिपोर्ट में ब्रह्मनबरिया के उपायुक्त हयात-उद-दौला खान के हवाले से कहा कि यह टक्कर लोको मास्टर के सिग्नल का पालन नहीं करने की वजह से हुई।

## पाक में टिड्डों का कहर, मंत्री बोले- बिरयानी बनाकर खा जाओ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में टिड्डों का कहर जारी है। उसके कहर से वहां के किसान और स्थानीय लोग परेशान हैं। लेकिन वहां के कृषि मंत्री ने अजीबो-गरीब सलाह दे रहे हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मंत्री ने वीडियो जारी कर टिड्डों से निपटने के लिए अनोखा उपाय बताया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कृषि मंत्री इस्माइल ये कहते नजर आ रहे हैं कि लोगों को टिड्डों से डरना नहीं चाहिए। लोगों को इसकी बिरयानी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टिड्डा इतनी दूर से आए हैं कि इनका स्वागत करना चाहिए। इसकी बिरयानी बनाकर खाना चाहिए। इसके आगे उन्होंने कहा कि इन कीड़ों से कराची के मलीर में किसानों को कोई परेशानी नहीं हुई है।

## चुनाव आयुक्त लवासा के बेटे और उनसे जुड़ी कंपनी ईडी के रडार पर

**विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज कर लिया**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अशोक लवासा के पुत्र अबीर और उनसे जुड़ी एक कंपनी विदेशी मुद्रा नियमों के कथित उल्लंघन के लिये प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आ गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि ईडी ने अबीर लवासा और 'नरिश ऑर्गेनिक फूड प्राईवेट लिमिटेड' नामक कंपनी द्वारा इस साल की शुरुआत में लगभग 7.25 करोड़ रुपये जुटाने की जांच के लिये विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारी ने कहा कि जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि इन कोषों को मॉरीशस स्थित कंपनी सामा कैपिटल से लाकर फेमा कानून का उल्लंघन तो नहीं किया गया। अबीर लवासा को नरिश ऑर्गेनिक फूड प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार अबीर लवासा की कंपनी में डाले गए धन की जांच चल रही है और एजेंसी ने हाल ही में उनसे इन लेन-देन के बारे में पूछताछ की।

**25 हजार करोड़ के सौदे में टाटा और अडानी समेत चार भारतीय फर्म शामिल**

# नौसेना को मिलेगा 111 स्वदेशी हेलिकॉप्टर




- स्वदेशी उद्योग की रक्षा विनिर्माण क्षमता विकसित करने के लिए मोदी सरकार की पहली परियोजना
- चार भारतीय फर्मों को अब यूरोपीय एयरबस हेलीकॉप्टरों सहित विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के साथ साझेदारी करने की आवश्यकता होगी

**नई दिल्ली।** भारतीय फर्म टाटा, अडानी, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम और भारत फोर्ज को भारतीय नौसेना के 25 हजार करोड़ रुपये के 111 नौसेना हेलिकॉप्टरों के स्वदेशी निर्माण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। ये चारों कंपनियां 111 नेवल यूटिलिटी हेलीकॉप्टर के स्वदेशी विनिर्माण के लिए 25,000 करोड़ रुपये के सौदे वाली परियोजना के लिए रणनीतिक भागीदार के रूप में शामिल हो रहे हैं। स्वदेशी उद्योग की रक्षा विनिर्माण क्षमता विकसित करने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की रणनीतिक साझेदारी नीति की पहली परियोजना के तहत, भारतीय और विदेशी फर्मों के बीच संयुक्त उपक्रम के माध्यम से 111 हल्के हेलीकॉप्टरों का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जाना है। भारतीय नौसेना के सूत्रों ने बताया कि चार भारतीय फर्मों को अब यूरोपीय एयरबस हेलीकॉप्टरों सहित विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के साथ साझेदारी करने की आवश्यकता होगी। जिन्होंने दो हेलिकॉप्टर, अमेरिकी सिकोरस्की-लॉकहीड मार्टिन और रूसी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट की पेशकश की है। नौसेना अब महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए भारतीय और विदेशी दोनों निर्माताओं के शॉर्टलिस्ट नामों के साथ रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास मामले को ले जाएगी। ताकि इसकी शॉर्टलिस्ट के लिए सरकार से मंजूरी मिल सके और प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

## ओमान में निर्माण स्थल पर हादसा, छह भारतीय कामगारों की मौत

**दुबई।** मस्कत के सीब इलाके में एक परियोजना स्थल पर भारी बारिश के कारण खुदाई वाले स्थान पर दबकर कम से कम छह कामगारों की मौत हो गई। माना जा रहा है कि ये सभी श्रमिक भारतीय थे। जहां घटना हुई वहां पाइप लाइन की परियोजना चल रही थी। मस्कत में भारतीय दूतावास ने बताया कि घटना रविवार की है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि ओमान के मस्कत में सीब इलाके में 10 नवंबर को भारी बारिश के कारण छह श्रमिकों की मौत की सूचना मिली। पीड़ित संभवतः भारतीय हैं। यह घटना बहुत दुखद है। इसमें कहा गया कि दूतावास ओमान के अधिकारियों के संपर्क में है और घटना की पूरी जानकारी ले रहा है और पीड़ितों की पहचान की पुष्टि की जा रही है। एक अन्य ट्वीट में कहा गया कि हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवदेना व्यक्त करते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109